हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर, रविवार,12 अक्टूबर 2025
नगर संस्करण
वर्षः 02,अंकः140
RNI No. : JHAHIN - 01092
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

जो स्कूल का दरवाजा खोलता है वो जुर्म का दरवाजा बंद कर देता है ।

प्रधानमंत्री मोदी ने 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया

# मोदी बोले-हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए

## पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि, कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था।

पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए।

**पिछली सरकारों ने पिछड़े जिलों को भुलाया :** पीएम मोदी ने कहा- पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले (Aspirational Districts) घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20% बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17% बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15% से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

**दूध के प्रोडक्शन भारत नंबर 1 :** पीएम ने कहा- भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का प्रोडक्शन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है।



### 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ का गठन

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पादक संघ (FPOs) का गठन किया गया। इन सालों में देश के किसानों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज देश का स्वभाव ऐसा हो गया है कि सिर्फ कुछ उपलब्धियों से संतुष्टि नहीं होती। यदि हम विकसित बनना चाहते हैं, तो हमें हर क्षेत्र में लगातार सुधार करना होगा। पीएम धन-धान्य कृषि योजना इसी सोच का परिणाम है।

**815 करोड़ के प्रोजेक्ट की नींव रखी**-पीएम मोदी ने कार्यक्रम में 815 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाली आंध्र प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन और वैल्यू एडिशन सुविधाएं, उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन, नगालैंड में एकीकृत एक्वा पार्क, पुडुचेरी में स्मार्ट फिशिंग हार्बर और ओडिशा के हीराकुंड में एडवांस्ड एक्वा पार्क की भी नींव रखी।

### शिवराज सिंह चौहान बोले- किसानों को सही मूल्य मिले

कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बढ़ाया है। MSP बढ़ाने से तय हुआ है कि किसानों को उनकी उपज के लिए सही और पूरा मूल्य मिले। हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं क्योंकि पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत अब तक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं।

दाल उत्पादन मिशन के लक्ष्य...
- दालों की पैदावार बढ़ाई जाएगी ।
- खेती का क्षेत्र बढ़ाया जाएगा।
- दाल की खरीद, स्टोरेज और प्रोसेसिंग को बेहतर बनाना।
- नुकसान को कम करने के उपाय किए जाएंगे।

सारंडा जंगल में नक्सली आईईडी ब्लास्ट

# असम के सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर शहीद, दो जवान घायल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ। नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर शहीद हो गए, जबकि इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा और एएसआई रामकृष्ण गगराई गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना जराइकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत उस समय हुई जब सुरक्षा बलों की टीम नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। विस्फोट की चपेट में आए तीनों जवानों को तत्काल पश्चिम सिंहभूम से राउरकेला के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर ने वीरगति प्राप्त की।



## राष्ट्रपति मुर्मु ने किए भगवान द्वारकाधीश के दर्शन



**गांधीनगर,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गुजरात के द्वारका पहुंची। उन्होंने द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के चरणों में शीश झुकाकर दर्शन किए। राष्ट्रपति ने भगवान द्वारकाधीश से भारत के नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए हृदयपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्तिभाव से शास्त्रोक्त विधि अनुसार पादुका पूजन कर धन्यता का अनुभव किया। इस अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर में पर्यटन मंत्री मूलुभाई बेर, जिला कलेक्टर राजेश तन्ना, रेंज आईजी अशोककुमार यादव, पुलिस अधीक्षक जयराजसिंह वाला, प्रांत अधिकारी अमोल आवटे, प्रशासक तथा नायब कलेक्टर हिमांशु चौहान ने राष्ट्रपति का ऊपरणा, द्वारका मंदिर की प्रतिकृति, फूल और तुलसी से निर्मित अनुग्रहम अगरबत्ती, गोल्ड प्लेटेड द्वारकाधीश का स्वरूप तथा प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## बिहार विधानसभा चुनावः 16 जिलों के 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएम, पहली सूची जारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**किशनगंज ।** आगामी बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शनिवार को उन सीटों की पहली लिस्ट जारी कर दी, जहां पार्टी चुनाव लड़ने वाली है। पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान और राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल हुसैन ने किशनगंज स्थित पार्टी दफ्तर में यह ऐलान किया। पार्टी प्रत्याशियों की सूची बाद में जारी करेगी। एआईएमआईएम ने कुल 16 जिलों के 32 विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है, जो पार्टी की विस्तारवादी रणनीति का हिस्सा है। यह सूची मुख्य रूप से सीमांचल क्षेत्र पर केंद्रित है, जहां मुस्लिम वोटरों का प्रभाव निर्णायक माना जाता है। एआईएमआईएम ने पहले ही घोषणा की है कि वह बिहार में 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, ताकि एनडीए और महागठबंधन के बीच तीसरा विकल्प बन सके।

बिहार एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेकुलर वोटों के बिखराव को रोकने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को गठबंधन का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब न मिलने पर तीसरे मोर्चे के रूप में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, जल्द ही सभी 32 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व देंगे।पार्टी ने 32 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जिनमें किशनगंज, कोचाधामन, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, अमौर, बायसी, कस्बा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी, बरारी, कदवा, हाट, अररिया, शेरघाटी, बेलागंज, ढाका, नरकटिया, नवादा शहर, सिकंदरा, नाथनगर, भागलपुर, सिवान शहर, जाले, दरभंगा ग्रामीण, केवटी, गौरा बौराम, कल्याणपुर, बाजपट्टी, बिस्फी, महुआ और गोपालगंज शामिल हैं।



यह सूची पार्टी की सीमांचल-केंद्रित रणनीति को दर्शाती है, जहां 2020 के चुनावों में पार्टी ने पांच सीटें जीती थीं, लेकिन चार विधायकों के आरजेडी में चले जाने से उसकी विधानसभा में केवल एक सीट बची।

## जगदानंद सिंह से मिले तेजस्वी यादव 40 मिनट तक बंद कमरे में हुई बातचीत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इसी बीच, शनिवार को राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से मिलने पटना स्थित कौटिक्या नगर स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई।

राजनीति में हर मुलाकात के मायने निकाले जाते हैं और यह मुलाकात एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि टिकट बंटवारे की रणनीति को लेकर तेजस्वी यादव ने जगदानंद सिंह से विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बंद कमरे में बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी यादव ने इस मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार चयन, सीटों के समीकरण और जातीय संतुलन को लेकर राय ली। जगदानंद सिंह पार्टी में लंबे समय से संगठनात्मक




अनुभव रखते हैं और उन्हें लालू प्रसाद यादव का सबसे भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है। ऐसे में टिकट वितरण में उनकी राय को नजरअंदाज करना राजद नेतृत्व के लिए आसान नहीं माना जा रहा।

मुलाकात के बाद जब तेजस्वी यादव मीडिया से बाहर आए, तो समाचार एजेंसी आईएएनएस के सवालों से वह बचते हुए नजर आए। बता दें कि राजद में टिकट बंटबारे को लेकर इस वक्त मंथन का दौर जारी है। इसी कड़ी में तेजस्वी यादव लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं ताकि चुनाव से पहले रणनीतिक तालमेल सुनिश्चित किया जाए और तमाम समीकरणों को साधा जाए। जगदानंद सिंह से मुलाकात को इसी क्रम की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

## दिनकर परिषद की स्वर्ण जयंती सह दिनकर जयंती समारोह संपन्न कवि बुद्धिनाथ मिश्र रहे मुख्य अतिथि

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर।** बिहार एसोसिएशन के साहित्यिक-सांस्कृतिक प्रभाग दिनकर परिषद के तत्वावधान में दिनकर परिषद की स्वर्ण जयंती सह दिनकर जयंती समारोह का आयोजन राजेंद्र विद्यालय प्रेक्षागृह में किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बी. एन. चौधरी ने की, जबकि प्रख्यात कवि, गीतकार एवं चिंतक बुद्धिनाथ मिश्र मुख्य अतिथि तथा रामधारी सिंह दिनकर के पात्र ऋतिक उदयन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार एसोसिएशन द्वारा संचालित राजेंद्र विद्यालय की छात्राओं के स्वागत नृत्य से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दिनकर जी के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया गया। सभा की शुरुआत दिनकर परिषद की वरीय सदस्य डॉ. रागिनी भूषण के मंगलाचरण से हुई। इस अवसर पर स्वर्ण जयंती वर्ष पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



## दिल्ली में मना विश्व की पहली प्रोफेशनल तीरंदाजी लीग एपीएल का सीज़न-1 जश्न, अब नजर ग्रैंड फिनाले पर

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,नई दिल्ली।** विश्व की पहली पेशेवर तीरंदाजी लीग आर्चरी प्रीमियर लीग (APL) ने अपने पहले सीज़न की सफलता का जश्न दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मनाया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता और APL ब्रांड एंबेसडर राम चरण, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, चेयरमैन अनिल कामिनेनी, महासचिव वीरेंद्र सचदेवा, और देश-विदेश के शीर्ष तीरंदाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीपिका कुमारी, ज्योति वेन्नम, ब्रैडी एलिसन, एला गिब्सन, मैथियास फुलर्टन, और अन्य दिग्गजों ने हिस्सा लिया। राम चरण ने कहा कि APL भारतीय तीरंदाजी के नए युग की शुरुआत है। वहीं अर्जुन मुंडा ने इसे भारत में तीरंदाजी को पेशेवर मंच देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। APL सीज़न-1 में भारत के योद्धा कुलों से प्रेरित छह फ्रेंचाइज़ी टीमें, विश्वस्तरीय तीरंदाजों की भागीदारी और भरे हुए स्टेडियमों ने लीग को खास बनाया। 12 अक्टूबर को होने वाले ग्रैंड फिनाले का पूरे देश को बेसब्री से इंतज़ार है।




नेहरू की तरह लालू को निशानाः बिहार चुनाव से पहले नकारात्मक नैरेटिव की नई पटकथा

# राजनीति में अतीत को दोष देने की परंपरा गहराती जा रही है, जबकि जनता को भविष्य की दिशा चाहिए, बहस नहीं—समाधान चाहिए, आरोप नहीं

अशोक कुमार ठाकुर

बिहार की राजनीति एक बार फिर उस मोड़ पर पहुँच गई है जहाँ चुनावी मुद्दों से ज़्यादा कौन दोषी है का प्रश्न प्रमुख हो गया है। विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के बीच सियासी बयानबाज़ी ने नया रूप ले लिया है।

केंद्र की राजनीति में जिस तरह हर ऐतिहासिक गलती के लिए नेहरू को जिम्मेदार ठहराने की परंपरा चल पड़ी है, उसी तर्ज़ पर बिहार में अब हर पिछड़ेपन, प्रशासनिक नाकामी या सामाजिक विफलता के लिए लालू प्रसाद यादव को दोष देने का नया नैरेटिव तैयार किया जा रहा है।

जंगलराज, भ्रष्टाचार और पिछड़ेपन की राजनीति जैसे पुराने शब्द फिर से दोहराए जा रहे हैं। रैलियों से लेकर सोशल मीडिया तक यही संदेश फैलाया जा रहा है कि राज्य का विकास रुक गया क्योंकि लालू यादव ने शासन किया। यह रणनीति केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि जनभावना को प्रभावित करने की सुनियोजित कोशिश प्रतीत होती है।




राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह का नैरेटिव दोहरे उद्देश्य पूरे करता है एक ओर यह मतदाताओं के मन में पुराने भय को जगाता है, तो दूसरी ओर मौजूदा शासन की कमियों से ध्यान हटाने में मदद करता है।

मगर लोकतांत्रिक राजनीति का उद्देश्य केवल अतीत को कोसना नहीं, बल्कि वर्तमान को सुधारना और भविष्य के लिए मार्ग बनाना होना चाहिए।

यह सही है कि हर नेता और शासनकाल की अपनी गलतियाँ होती हैं, परंतु केवल दोषारोपण के सहारे राजनीति करना किसी राज्य को आगे नहीं ले जा सकता। बिहार की समस्याएँ – बेरोज़गारी, शिक्षा में गिरावट, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और पलायन – आज भी उतनी ही गंभीर हैं जितनी पहले थीं। इन पर ठोस नीतिगत विमर्श होना चाहिए, न कि पुरानी गलतियों का अनंत दोहराव। चुनाव की 'थिपुर' (तेज़ी और उबाल) में इस तरह का नकारात्मक नैरेटिव सेट करना न तो उचित है और न ही राज्य के लोकतांत्रिक विवेक के अनुकूल।लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की समझ में निहित होती है, और जब जनता असल मुद्दों पर सवाल उठाती है, तभी राजनीति जवाबदेह बनती है।

बिहार को अतीत के दोषारोपण से नहीं, भविष्य के संकल्प से दिशा मिलेगी।

जरूरत है ऐसी राजनीति की जो कौन दोषी से आगे बढ़कर कौन समाधान देगा का उत्तर खोजे। यही सच्चा लोकतांत्रिक रास्ता है – और यही बिहार की अगली पीढ़ी का अधिकार भी।



# घाटशिला उपचुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई, दिग्गज नेताओं ने संभाला मोर्चा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर:** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव भाजपा के लिए इस बार प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। दो बार के विधानसभा चुनाव में पार्टी को यहां हार का सामना करना पड़ा है, जबकि झामुमो के पूर्व मंत्री रामदास सोरेन दोनों बार विजयी रहे। उन्होंने पहले भाजपा के लखन मार्डी को और दूसरी बार पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को लगभग 23,000 मतों से हराया था।

भाजपा का गढ़ माने जाने वाला जादूगोड़ा मंडल अब आपसी फूट के कारण कमजोर होता जा रहा है। इसी को देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह क्षेत्र में लगातार संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। वे कार्यकताओं से लगातार संपर्क में हैं और भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष नेताओं की बैठकें आयोजित करवा रहे हैं।

इस बार जादूगोड़ा मंडल का प्रभार भाजपा नेता गुरुचरण रजवाड़ को



दिया गया है। पार्टी इस चुनाव में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतना चाहती। भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन भी घाटशिला क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं और कार्यकताओं में जोश भर रहे हैं।

भाजपा ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन चर्चा है कि चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट मिल सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह सीट चंपई सोरेन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण बन जाएगी।

जादूगोड़ा और राखा कॉपर क्षेत्र में घटती वोटिंग प्रतिशत को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ता अब मतदाताओं को जागरूक कर मतदान बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू रविवार को जादूगोड़ा पहुंच रहे हैं, जहां वे राखा कॉपर कॉलोनी दुर्गा पूजा पंडाल के सामने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो और हिंदूवादी नेता अभय सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

इस बार घाटशिला विधानसभा का प्रभारी अभय सिंह को बनाया गया है, जो मनोज प्रताप सिंह के करीबी माने जाते हैं।

भाजपा के जिला अध्यक्ष चंडी चरण साहू और युवा नेता विक्रम सिंह भी लगातार जनसंपर्क कर संगठन को मजबूत कर रहे हैं।

भाजपा की यह सक्रियता और नेताओं का जमावड़ा पार्टी को कितना फायदा पहुंचाएगा, यह तो चुनाव परिणाम तय करेगा, लेकिन फिलहाल घाटशिला उपचुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है।

## जामताड़ा में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, एसपी ने दिए कड़े निर्देश

**राष्ट्र संवाद सं**

**जामताड़ा:** पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज कुमार मेहता जामताड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी, प्रभाग निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नाला एवं जामताड़ा), पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सहित विभिन्न शाखाओं के प्रभारी शामिल हुए।

बैठक में सितंबर माह के दौरान अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की स्थिति, लंबित कांडों के निष्पादन और अनुसंधान की गुणवत्ता पर विस्तार से समीक्षा की गई।

**एसपी ने दिए सख्त निर्देश**

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों और पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि



जिले में लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने साइबर अपराध से जुड़े मामलों में तेजी लाने, महिला उत्पीड़न और पॉक्सो कांडों की जांच 50 दिनों के भीतर पूर्ण कर आरोपपत्र समर्पित करने का आदेश दिया।

एसपी ने कहा कि अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाकर अभियुक्तों को न्यायालय से सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत क्षेत्र में डायन-बिसाही, महिला उत्पीड़न एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया।

**सीसीटीवी और अवैध कारोबार पर सख्ती**

बैठक में सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के व्यावसायिक स्थलों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके।

एसपी ने अवैध कोयला, बालू, पत्थर खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने और अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ सघन अभियान चलाने का आदेश दिया।

इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन जांच अभियान चलाने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**त्योहारों के मद्देनजर विशेष समीक्षा**

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निदेर्शानुसार उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक की है।

इस दौरान आगामी दुगार्पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की गई।

एसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करें।

## फतेहपुर में उपायुक्त ने लगाया कैंप कार्यालय, सुनी लोगों की समस्याएं

**राष्ट्र संवाद सं**

**जामताड़ा:** फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने कैंप कार्यालय का आयोजन कर आम जनता की समस्याएं सुनीं। सुदूरवर्ती इलाकों से आए ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना, पशु शेड आदि से जुड़ी शिकायतें रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

कैंप के दौरान पेंशन से जुड़े छह मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन करते हुए लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिले के ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय नहीं आना पड़े, इसी उद्देश्य से प्रखंडों में कैंप





आयोजित किए जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, फतेहपुर की छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रशासन और समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, सिविल सर्जन आनंद मोहन सोरेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्व. नर्मदा देवी-सत्यनारायण जी दोदराजका स्मृति नेत्र शिविर का शुभारंभ

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर, 11 अक्टूबर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. नर्मदा देवी सत्यनारायण जी दोदराजका की स्मृति में प्रत्येक वर्ष की भांति नेत्र शिविर के 788वें सत्र का शुभारंभ हुआ। नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा 78 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच किया, जिसमें से 49 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ग्रस्त पाया गया। शेष अन्य नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार दवा व चिकित्सीय परामर्श प्रदान कर विदा किया



गया। समाजसेवी व साहित्यविद गोविन्द प्रसाद दोदराजका के संयोजन में आयोजित नेत्र शिविर में आज 49 नेत्र रोगियों के शारीरिक जांच के पश्चात उपयुक्त नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा रविवार को राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में किया जायेगा। आज जांच सत्र के दौरान रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ आशुतोष पारीक, राकेश मिश्र, विशाल सिंह, अशोक कुमार घोषाल, अशोक सिंह, चन्द्रनाथ सरकार, प्रकाशभानु महतो, श्याम कुमार प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थें।

रविवार को नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन दोदराजका परिवार के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।

## जनहित कार्य के नाम आम्रपाली प्रबंधन पर वारे न्यारे करने का आरोप

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चतरा:** जिले के टंडवा में संचालित आम्रपाली कोल परियोजना में इन दिनों चारागाह के रूप में एक अधिकारी सक्रिय है। क्षेत्र से जुड़े जनहित कार्य में कगजाति विकास करके जिला अधिकारियों नहीं बल्कि लोगों को भी गुमराह करके प्रति माह लाखों का वारे न्यारे किया जा रहा है। जिसका चर्चा टंडवा कोयलांचल ही नहीं बल्कि रांची से दिल्ली तक भी हो रही है। सीसीएल द्वारा वॉटर टैंकर ( ट्रक मांउटेड फॉग कैनन) से पब्लिक सड़कों में पानी छिड़काव करने वाली वाहन के कगजाति पेपर ने दिखाकर सिमट कर रह गई है। युक्त बाते प्रदूषण निजात संघर्ष समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने कही है। लोगो बताते हैं सड़क में उड़ते कोयले के धूल



कण से लोग परेशान हैं वहीं आम्रपाली के अधिकारी प्रतिमाह लाखों रुपया का वारे न्यारे करने में परेशान हैं। बताया गया सड़क में उड़ते धूल कण पर काबू पाने के लिए वॉटर टैंकर से पानी छिड़काव के लिए जिले के अधिकारियों के हाथों से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। वहीं जिला के अधिकारी उक्त मशीन ने जीपीएस लगाने का सख्त निर्देश दिया गया। जिससे पता चल सके नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है या आम्रपाली प्रबधंन द्वारा जिला प्रशासन के आंखों में धूल झोंका जा रहा है। लोग बताते हैं दो वॉटर टैंकर फॉग कैनन मशीन परियोजना में शोभा के वस्तु बन के रह गया है और सड़कों पर कोयले का धूल कण से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया आम्रपाली कोल परियोजना में एक अधिकारी के लंबे कार्यकाल में कई भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी मामले में दो अधिकारी सहित दो सहयोगी को सीबीआई की गिरफ्तार करके भेजा है।

इसके बाद भी परियोजना में निडर रिश्वतखोरी कराया जा रहा है। जो संवेदक ठेकेदार एक निश्चित रकम नहीं देने पर उसका कार्य को रोक लगा दिया जाता है।

## उपायुक्त ने दिए निर्देश: निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करें

**राष्ट्र संवाद सं**

**दुमका:** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।



बैठक में 50 बेडेड क्रिटिकल हॉस्पिटल एवं नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि यह कार्य नवंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा। गांदो स्थित नर्सिंग इंस्टिट्यूट का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे शीघ्र हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया। नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम के कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि फ्लोरिंग का कार्य 20 अक्टूबर तक पूरा किया जाए।

तारामंडल एवं साइंस सेंटर के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई, जिनके शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत सभी कार्यों को गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पूरा करने पर बल दिया गया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पूर्ण हो चुके आंगनवाड़ी केंद्र एवं एसएचसी भवनों का शीघ्र हस्तांतरण किया जाए तथा निविदा प्रक्रिया में चल रहे कार्यों को तुरंत प्रारंभ कर समय पर पूरा किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जेएमए और आईएसआई कोलकाता ने बिजनेस एनालिटिक्स एवं मशीन लर्निंग पर 14-सप्ताह का कोर्स शुरू किया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर,** 10 अक्टूबर 2025 – जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इंस्टिट्यूट ऑफ डेटा इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स एंड साइंस फाउंडेशन , इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, कोलकाता के सहयोग से बिजनेस एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग पर 14-सप्ताह के व्यापक कोर्स की शुरूआत की घोषणा की।

वर्चुअल रूप से आयोजित समारोह में प्रो. दिप्ति प्रसाद मुखर्जी, प्रो. दिप्तेंदु दत्ता, प्रो. अमितावा बंद्योपाध्याय और डॉ. अमिताभ भट्टाचार्य शामिल हुए।

यह कार्यक्रम ऑपरेशन्स, फाइनेंस, एचआर और मार्केटिंग क्षेत्रों में उन्नत विश्लेषणात्मक व मशीन लर्निंग कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। इसमें प्रति सप्ताह दो कक्षाएं और दो दिन का इमर्सिव सत्र शामिल रहेगा, साथ ही कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स, लाइव केस स्टडीज और जेनरेटिव एआई टूल्स पर विशेष फोकस रहेगा।

## योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**राष्ट्र संवाद सं**

**जामताड़ा:** फतेहपुर प्रखंड सभागार में शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड फतेहपुर एवं करमाटांड़ में संचालित योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के विभिन्न पैरामीटरों – शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल-जीवन मिशन, ग्रामीण विकास एवं कौशल विकास की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में ठोस कदम उठाते हुए अपेक्षित प्रगति लाएं ताकि आकांक्षी प्रखंडों को मॉडल स्वरूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित सूचकांकों पर माइक्रो प्लान तैयार कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही, नियमित रूप से बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करने और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, सिविल सर्जन आनंद मोहन सोरेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने दिए निर्देश: सभी लाभुकों को समय पर मिले राशन

**राष्ट्र संवाद सं**

**दुमका:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में पीडीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि उन्हें स्मार्ट पीडीएस प्रणाली की पूरी जानकारी मिल सके। धोती-साड़ी वितरण योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।उपायुक्त ने यह भी कहा कि ऐसे लाभुकों की पहचान की जाए जो लंबे समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, और नियमानुसार उनके नाम राशन कार्ड सूची से हटाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करें और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित डीलरों पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जिले के सभी पात्र लाभुकों को प्रत्येक माह निर्धारित मात्रा में राशन वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी परिवार वंचित न रहे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी प्रखंडों के एमओ उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि कढ़नी में किया ट्रांसफार्मर का उद्धाटन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चतरा:** टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कढ़नी में 63 केवी का ट्रांसफार्मर उद्धाटन टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवं सीसीएल सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कढ़नी गांव बीते पंद्रह दिनों से अंधेरे में था। लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था यहां तक कि मोबाइल चार्जिंग से लेकर बच्चों की पढ़ाई भी अंधेरे के कारण प्रभावित हो रही थी। कढ़नी निवासी हृषिकेश तिवारी ने इसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय को दी। जिसके बाद श्री पांडेय ने इस विषय को त्वरित रूप में सांसद काली चरण सिंह के संज्ञान में दी, संज्ञान में आते ही सांसद के निर्देश पर ग्राम कढ़नी को अभिलंब 63 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध किया गया। उद्धाटन के मौके पर सीसीएल सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह ने कहा कि क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकता सुविधा बहाल कराना प्राथमिकता में है इसके लिए सदैव तत्पर हैं। मौके पर संजीव कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार सिंह, रामचंद्र प्रसाद, ऋषिकेश तिवारी , जय प्रकाश तिवारी, बिनोद तिवारी, गौतम तिवारी,अरबिंद तिवारी, रबिन्दर तिवारी, जितेंद्र तिवारी,अजित तिवारी, हनी कुमार, नागेश्वर , बुधन भुइंया उपस्थित थे।

### खैरा गांव के बजरंगबली मंदिर में सूरज झा ने किया साउंड सिस्टम वितरण



**राष्ट्र संवाद सं**

**नाला:** प्रखंड के खैरा गांव स्थित बजरंगबली मंदिर में युवा नेता सूरज झा द्वारा साउंड सिस्टम का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करना है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सूरज झा के इस योगदान की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर ठाकुरमणि सिंह, सुभाष यादव, लखीलाल मरांडी, गणेश दे समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है।

### जीवन ज्योति सेवा समिति के शिविर में 400 से अधिक रक्तदाता जुटे



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर,** 11 अक्टूबर । भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा राष्ट्रीय रक्तदान सेवा पखवाड़ा में आज ग्रामीण रक्तदान महायज्ञ का आयोजन जीवन ज्योति सेवा समिति के संयोजन में सामुदायिक केन्द्र नरवा पहाड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम तथा ब्रह्मानन्द ब्लड सेन्टर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 400 से अधिक रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। शाम 6 बजे तक 333 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रविवार 12 अक्टूबर को एक शहरी रक्तदान शिविर बमार्माईन्स स्थित उत्सव भवन में शिर्डी साईं सेवा ट्रस्ट और ललन प्रसाद फाउण्डेशन के सहयोग से सौरभ कुमार श्रीवास्तव की माता की स्मृति में रेड क्रॉस एवं ब्रह्मानन्द ब्लड सेन्टर के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जायेगी।

### आहतू थाना ने बाल तस्करी की तीन बालिकाओं को सुरक्षित कराया, सीडब्ल्यूसी के समक्ष किया प्रस्तुत

**राष्ट्र संवाद सं**

**दुमका:** आहतू थाना की तत्परता से बाल तस्करी का शिकार बनने से तीन बालिकाएं बचाई गईं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी उदित बेदिया द्वारा तीनों बालिकाओं को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) दुमका के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के सदस्य सुबीर कुमार भट्टाचार्य और किरण तिवारी की अध्यक्षता में बालिकाओं के मामले की सुनवाई की गई।

समिति की सदस्या किरण तिवारी ने बताया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 30(1) के तहत मामले को संज्ञान में लेते हुए तीनों बालिकाओं को समिति की देखरेख एवं संरक्षण में लिया गया। जांच में पाया गया कि बालिकाएं शिकारीपाड़ा प्रखंड की रहने वाली हैं।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।




:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# जेपी आंदोलन से नई राजनीतिक चेतना का सूत्रपात हुआःसरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय शनिवार को जेपी जयंती पर शहर में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। वह संकोसाई, मानगो स्थित जेपी स्कूल में जय प्रकाश नारायण जी की जयंती में तो शामिल हुए ही, मानगो में ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वह जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

जदयू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरयू राय ने कहा कि 1974 में जब देश में भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठाने वाला कोई नहीं था, तब जयप्रकाश नारायण जी ने युवाओं को संगठित कर सम्पूर्ण क्रांति का बिगुल फूंका। उनका नेतृत्व इतना प्रभावी था कि सरकारें झुकने को मजबूर हो गईं। जेपी आंदोलन ने न केवल एक नई राजनीतिक चेतना को जन्म दिया, बल्कि आज के कई वरिष्ठ नेताओं की राजनीतिक यात्रा भी वहीं से शुरू हुई। उन्होंने यह भी बताया




कि कैसे उन्होंने स्वयं 1974 के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई और युवाओं के जोश को दिशा देने का काम किया।

इस अवसर पर जनता दल (यू) के अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकताओं ने जेपी के विचार को आत्मसात करने और सामाजिक न्याय व पारदर्शी राजनीति के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का समापन ह्यसम्पूर्ण क्रांतिह्न के उद्घोष के साथ हुआ।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष अजय कुमार,महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अमृता मिश्रा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कोय, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश प्रसाद, जिला सचिव प्रेम सक्सेना, विकास साहनी, भरत पांडे, जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह, सन्तोष भगत, संजीव सिंह, महानगर सचिव विकास कुमार, विनोद सिंह, उलीडीह अध्यक्ष प्रवीण सिंह, सीतारामडेरा अध्यक्ष अर्जुन यादव, गोलमुरी अध्यक्ष शमशाद खान, मानगो अध्यक्ष लालू गौड़, सिदगोड़ा अध्यक्ष राकेश कुमार, बमार्माइंस अध्यक्ष बबलू कुमार, दिनेश सिंह, ममता सिंह, संगठन समन्वयक विजय सिंह, दिलीप प्रजापति, मनोज गुप्ता, विजयेंद्र कुमार, महावीर साहू, किशोर सिंह, गणेश चंद्र, कृष्णकांत, विजय कुमार, के शर्मा, सुनील कुमार, विनोद तिवारी, हेमराज, सौरव कुमार, परमिंदर राम आदि मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस की मनमानीः महिला को दौड़कर धक्का देने से गिरी स्कूटी, घायल क्षेत्र में आक्रोश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** टेल्को थाना क्षेत्र के जी हॉस्टल के पास शनिवार को गोलमुरी ट्रैफिक थाना की पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक महिला के साथ बड़ी घटना घट गई। जानकारी के अनुसार, एक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ स्कूटी से वहां से गुजर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गई और स्कूटी मोड़कर वापस जाने लगी।

इसी बीच गोलमुरी ट्रैफिक थाना के सिपाही कमलेश राय ने उसे रोकने की कोशिश में दौड़ते हुए स्कूटी को धक्का दे दिया, जिससे महिला सड़क पर गिर पड़ी। महिला के गिरते ही सिपाही घबरा गया और वहां से भाग निकला। बताया जा




रहा है कि जब महिला दोबारा उठकर स्कूटी स्टार्ट कर आगे बढ़ने लगी, तभी कुछ अन्य पुलिसकर्मी फिर से उसके पास पहुंचे और पीछे से स्कूटी को धक्का दे दिया। इस दौरान महिला फिर से गिर गई और घायल हो गई।

घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के खिलाफ नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग की। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी वहां से भाग निकले। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई निंदनीय है और महिला के साथ इस तरह का बर्ताव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। फिलहाल, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों में रोष देखा जा रहा है।

## साकची में जिला कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चला

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मा राव के नेतृत्व में प्रदेश द्वारा निदेर्शानुसार वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम साकची बड़ा गोलचक्कर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में आम जनता ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस के इस मुहिम में साथ दिया। करीब हजार लोगों ने भाग लिया एवं हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर परविंदर सिंह ने कहा पूरे देश में भाजपा की भ्रष्ट सरकार जो हम लोगों का वोट का अधिकार से वंचित करने का कार्य कर रहा है इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक दिन,



मोहल्ला और क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा और क्षेत्र के लोगों को जागृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदेश कोऑर्डिनेटर

अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय खान, संजीव श्रीवास्तव, अशोक सिंह, जिप सदस्य परितोष सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, संजय यादव, रजनीश सिंह, अरुण सिंह, अविनाश सिंह, रियाज खान, आशीष मुखी, विनोद यादव, आशुतोष सिंह, संध्या दास, नमृता सिंह, सानिया दी, शिवनंदन सिंह, पवन झा, अविनाश यादव, बंटी सिंह, नंदलाल प्रसाद, जय भट्टाचार्य, मौलाना अंसार, विशाल शर्मा, दुर्गा प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, राजकिशोर सिंह, संतोष सिंह, विश्वजीत जेना, शाहिद इकबाल, जिलानी गद्दी, संदीप कुमार, शमशेर आलम, सुनील प्रसाद, पवन तिवारी, लव कुमार निराला, राजेश चौधरी, फराह बेगम, सुनीता ओझा, अफसर चिंटू, रईस रिजवी छबन, राजीव मिश्रा, सोनू तिवारी, अमर मिश्रा व अन्य लोग शामिल थे।

## ठेकेदार के बेटे के अपहरण मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मुर्शिदाबाद से बच्चों की सकुशल बरामदगी, एक आरोपी गिरफ्तार दो फरार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**टीम का नेतृत्व सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर और बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने किया**

**जमशेदपुरः** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के रामदास भट्ठा से 9 अक्टूबर की शाम ठेकेदार फिरदौस के बेटे का अपहरण कर लिया गया था। यह सनसनीखेज घटना मुर्शिदाबाद के मजदूरों द्वारा अंजाम दी गई। अपहरण की जानकारी मिलते ही परिजनों ने बिष्टुपुर थाना पुलिस को




सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने अपहरणकताओं की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी शुरू कर दी।

इस बीच, परिवार के लोगों ने भी अपने स्तर से बच्चे का पता लगाने का प्रयास किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीनियर एसपी के आदेश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर




और बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने किया। पुलिस टीम और परिजनों के संयुक्त प्रयास से आखिरकार मुर्शिदाबाद से ठेकेदार के बेटे को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

शनिवार को टीएसपी कुमार शिवाशीष ने प्रेस वार्ता कर पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं, बच्चे के सकुशल लौटने के बाद परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और टीएसपी, डीएसपी तथा थानेदार को साल देकर सम्मानित किया।

परिजनों ने बताया कि अपहरण में शामिल मजदूर पिछले आठ वर्षों से उनके साथ काम कर रहे थे। बच्चे के चाचा ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है, हालांकि ठेकेदार फिरदौस ने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से कोई भी बकाया नहीं है।

## मानगो से 14 दिन से लापता युवक शिव पात्रो की तलाश, परिवार की आंखों से नहीं थम रहे आंसू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** मानगो क्षेत्र से 24 वर्षीय युवक शिव पात्रो पिछले 14 दिनों से लापता हैं। जानकारी के अनुसार, शिव पात्रो आधार कार्ड बनवाने के नाम पर घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से वे घर नहीं लौटे। परिवार के सदस्यों ने आधार केंद्र जाकर जानकारी ली, जहां यह स्पष्ट हुआ कि शिव पात्रो नाम का कोई भी व्यक्ति केंद्र पर पहुंचा ही नहीं था।

घर से निकले इतने दिन बीत जाने के बाद भी शिव पात्रो का कोई



सुराग नहीं मिलने से परिवार के लोग बेहद परेशान हैं। उनके पिता, माता, भाई और बहन लगातार रो रहे हैं और बेटे की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। बताया गया है कि शिव पात्रो मानसिक रूप से थोड़े कमजोर हैं और नियमित रूप से दवाइयां लेते हैं।

परिजनों ने जनता और प्रशासन से अपील की है कि जो भी व्यक्ति शिव पात्रो के बारे में जानकारी रखता हो, वह कृपया तुरंत सूचना दें। परिजनों ने भावुक होकर कहा है –

₹शिव पात्रो, आप जहां कहीं भी हों, कृपया जल्द से जल्द घर लौट आएं। आपके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो चुका है। हम सब आपकी सलामती की दुआ कर रहे हैं।₹

## लायंस क्लब भारत ने केक काटकर मनाया सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का जन्मदिन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** : लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत ने साकची स्थित कार्यालय में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन अशाके खंडेवाल, विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन भरत सिंह, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन सारिका सिंह और लायन सुचित्रा रूंगटा उपस्थित रहीं।

अतिथियों ने अमिताभ बच्चन को




भारतीय संस्कृति और अनुशासन का प्रतीक बताते हुए उनके संघर्ष व समर्पण की सराहना की।

क्लब की अध्यक्ष लायन अंजुला सिंह ने कहा कि बच्चन जी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और उनके जीवन से सीख लेकर समाज सेवा में सक्रिय रहना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में केक काटकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर अवनीत रूंगटा, सुधीर पाण्डे, राजेश सिंह, राहुल सिंह, राजू गोराई, गोपी सिंह, डॉ. जीया और रामकुमार शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनावः पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण की शुरूआत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 11 अक्टूबर – घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025 के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी के प्रथम चरण के प्रशिक्षण की शुरूआत वीमेंस यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर में की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने किया और प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सजगता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि



मतदान दल लोकतंत्र की रीढ़ हैं और निष्पक्ष मतदान का दायित्व उन्हीं पर निर्भर करता है।

प्रशिक्षण में ईवीएम और वीवीपैट के संचालन, मतदान पूर्व व पश्चात की प्रक्रिया, प्रपत्रों के उपयोग और मतदान केंद्र की व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था होगी, जिससे प्रत्येक गतिविधि की निगरानी वास्तविक समय में की जा सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण के सभी निर्देशों को गंभीरता से समझें और मतदान दिवस पर आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें।

इस अवसर पर राहुल आनंद, सचिदानंद महतो, डॉ. रजनीकांत मिश्रा और नेहा संजना खलखो सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स में दिवाली मेला : स्थानीय कामगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर ।सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में स्थानीय कामगार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चैंबर भवन में दिवाली मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सांसद विद्युत वरण महतो एवं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री के ₹लोकल फॉर वोकल₹ के




सपने को साकार करना और महिलाओं को अपने हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करना है। मेले में मुख्य रूप से स्थानीय महिलाओं को एक ऐसा मंच दिया गया है, जहां वे अपने द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी सामान, दीपक, गृह उपयोगी वस्तुएं आदि प्रदर्शित एवं विक्रय कर सकती हैं। मेले में विभिन्न स्टॉलों पर दीपावली से जुड़ी वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिससे न केवल महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिलेगा बल्कि उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सार-संक्षेप

### पार्षद डॉ कविता परमार ने सांसद और रेल महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा




राष्ट्र संवाद संवाददाता

बागबेड़ा जिला पार्षद डॉक्टर कविता परमार ने वॉयरलेस मैदान में बने अटल पार्क में दो high mask lightके साथ साथ सौंदर्यीकरण के लिए सांसद श्री विद्युत वरण महतो और दक्षिण पूर्व रेल महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने अटल पार्क के लिए सांसद और रेल महाप्रबंधक को धन्यवाद देते हुए जल्द से जल्द लाइट की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सैकड़ों महिलाएं टहलने आती हैं। अंधेरे के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है इसलिए अतिशीघ्र लाइट की व्यवस्था की जाए। लाइट के साथ साथ बैठने की कुर्सी और साफ सफाई की व्यवस्था भी कराई जाए।

सांसद श्री विद्युत वरण महतो की उपस्थिति में रेल महाप्रबंधक ने मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया। मौके पर चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक के साथ साथ सांसद प्रतिनिधी संजीव कुमार भी उपस्थित थें।

### शाईना को दिया गया व्हील चेयर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर शनिवार को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर ओल्ड पुरुलिया रोड, रोड नंबर 20, मानगो की निवासी शाईना परवीन को व्हील चेयर दिया गया। शाईना ने इसके लिए विधायक सरयू राय का आभार जताया है। इस मौके पर सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, पप्पू सिंह, मंजू सिंह पवन सिंह, संतोष भगत, श्याम सिंह, हेमंत पाठक आदि मौजूद रहे।



### त्र्यंबक महादेव मंदिर काली पूजा पंडाल का भूमि पूजन संपन्न



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**. त्र्यंबक महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को श्री श्री काली पूजा पंडाल का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दोपहर 4 बजे संपन्न हुआ. भूमि पूजन के साथ ही आगामी काली पूजा की तैयारियों की औपचारिक शुरूआत हो गई.

कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में भक्ति और श्रद्धा का संचार देखने को मिला. भूमि पूजन विधि-विधानपूर्वक किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां काली से सफल आयोजन की कामना की.

इस अवसर पर मुख्य रूप से यशवंत सिंह पिंटू, सचिदानंद सिंह, राजेश श्रीवास्तव, परविंदर सिंह, परितोष सिंह, पवन तिवारी, रजनीश सिंह, राकेश साहू, बलवंत सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, पप्पू सिंह, भवानी सिंह, श्रीराम बाबू, संजय सावा, मोनू पांडे, शिबू सिंह, अंकेश श्रीवास्तव, सनी कौरा, विशाल सिंह, चंदन सिंह, आकाश पोद्दार, राकेश पाठक, अनिमेष कश्यप, विकास साव, अनुराग अग्रवाल और कौशिक कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### रेड क्रॉस के नेशनल इलेक्टोरल कॉलेज के चयन हेतु बिजय कुमार सिंह दिल्ली पहुंचे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**रेड क्रॉस सोसाईटी, झारखंड प्रदेश के चेयरमैन बिजय कुमार सिंह इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी के राष्ट्रीय शाखा में 12 इलेक्टोरल कॉलेज के चयन हेतु झारखंड के प्रतिनिधि के तौर दिल्ली पहुंचे, वे 13 अक्टूबर को आयोजित चयन प्रक्रिया में मतदाता के रूप में रेड क्रॉस के राष्ट्रीय मुख्यालय में हिस्सा लेंगे। श्री सिंह को झारखंड के माननीय राज्यपाल सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाईटी, झारखंड राज्य शाखा के द्वारा उन्हें झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में नामित कर इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु निर्देश दिया है। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान वे देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से रेड क्रॉस के मानवसेवी गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा करेंगे, उनके साथ रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव आशुतोष पारीक एवं यूथ रेड क्रॉस के विशाल सिंह भी शामिल रहेंगे।



### जमशेदपुर में खुला हैक्सायर इंफ्रा का पहला ब्रांच, एक ही छत के नीचे मिलेगा कंस्ट्रक्शन का पूरा समाधान




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : बमार्माइंस ट्यूब कंपनी के सामने हैक्सायर इंफ्रा का पहला ब्रांच खुला। झारखंड मूल की यह पैन इंडिया कंपनी देशभर में कंस्ट्रक्शन से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराती है। कंपनी ग्राहकों को बिल्डिंग मटेरियल से लेकर इलेक्ट्रीकल, प्लंबिंग और इंटीरियर डिजाइन तक की पूरी सेवा देती है।

ब्रांच का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह ने किया। मौके पर कंपनी के सीईओ रंजीत पाठक, ब्रांच हेड प्रियरंजन सिंह (सोनू) और निदेशक शशि कुशवाहा मौजूद रहे। सीईओ ने बताया कि हैक्सायर इंफ्रा भारत की पहली डिजिटल कंस्ट्रक्शन कंपनी है, जहां ग्राहक ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग कर निर्धारित समय में अपना घर या प्रोजेक्ट तैयार करवा सकते हैं।

झारखंड में रांची, हजारीबाग और धनबाद के बाद जमशेदपुर चौथा ब्रांच है। इस अवसर पर कंपनी के कई अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए बार्गेनिंग के खेल में शामिल हर दल

देवानंद सिंह




बिहार की सियासत में चुनाव सिर्फ सीटों का खेल नहीं होता, यह सम्मान, अस्तित्व और भविष्य की राजनीति का संग्राम भी होता है। गठबंधन की राजनीति में हिस्सेदारी का खेल दरअसल बार्गेनिंग के उच्च शिखर से खेला जाता है। यह राजनीति अब उतनी सीधी नहीं रही, जहां साथ का मतलब नीतियों का मेल हुआ करता था। अब साथ का अर्थ सीटों की संख्या, मंत्री पद और अपने राजनीतिक वारिस की भूमिका से तय होता है। यही तस्वीर एनडीए और महागठबंधन दोनों खेमों में देखने को मिल रही है।

इस बार बिहार के चुनावी रण में जब गठबंधन के घटक दलों ने अपनी मांगें रखनी शुरू कीं, तो ऐसा लगा मानो हर दल अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए मैदान में उतर आया हो। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर (एचएएम-से) के संस्थापक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा दोनों अपने-अपने तरीके से ह्यसम्मानजनक हिस्सेदारीह्न की मांग करते नजर आए।

मांझी की राजनीति को समझने के लिए उनके दो सपनों को समझना जरूरी है। पहला, अपनी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाना, और दूसरा, अपने पुत्र संतोष सुमन को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाना। ये दोनों सपने आपस में गहराई से जुड़े हैं। अगर, पार्टी को ज्यादा सीटें मिलेंगी, तो बेहतर प्रदर्शन से वह राष्ट्रीय पार्टी की योग्यता हासिल कर सकती है, और अगर दलित नेतृत्व की मजबूती दिखेगी, तो उपमुख्यमंत्री की मांग को राजनीतिक वैधता मिल जाएगी।

शुरूआत में मांझी ने 25 से 30 सीटों की मांग रखी थी। उनकी गणित सीधी थी। अगर, 20 सीटें भी जीत ली जाएं तो पार्टी की हैसियत एक बार फिर राज्य की राजनीति में निर्णायक हो जाएगी। वे एनडीए रणनीतिकारों को बार-बार याद दिलाते रहे कि पिछली विधानसभा में उनका स्ट्राइक रेट 60 प्रतिशत और लोकसभा में 100 प्रतिशत रहा है। उनका संकेत साफ था कि हम भले छोटे हैं, पर जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन राजनीति सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं होती, यह संदेश और मनोविज्ञान का भी खेल है। मांझी को पता था कि सीटों के सवाल पर खुलकर टकराव से नुकसान ज्यादा होगा। इसलिए उन्होंने न तो कभी एनडीए छोड़ने की धमकी दी, और न ही सार्वजनिक रूप से असंतोष जाहिर किया। उनकी रणनीति थी, दबाव बनाए रखो, पर पुल मत तोड़ो।

वर्तमान राजनीति की एक दिलचस्प प्रवृत्ति यह है कि दिग्गज नेता अब अपने वारिसों को स्थापित करने में जुटे हैं। लालू यादव ने तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी दिलाकर यह रास्ता पहले ही बना दिया। रामविलास पासवान ने अपने बेटे चिराग पासवान को एलजेपी की कमान देकर यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी को नेतृत्व देना अब मजबूरी नहीं, रणनीति है।

मांझी भी इसी रेखा पर चल रहे हैं। संतोष सुमन को उपमुख्यमंत्री बनाने की उनकी चाहत महज पारिवारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक अस्तित्व से जुड़ी है। उन्हें पता है कि उम्र और दौर दोनों तेजी से बदल रहे हैं। अगर उन्होंने अपने बेटे को इस चुनावी बिसात पर स्थापित नहीं किया, तो शायद अगली बार उनके दल के पास न तो नेतृत्व बचेगा, न पहचान, इसीलिए सीटों की संख्या उनके लिए केवल चुनावी लक्ष्य नहीं, बल्कि एक बड़ी रणनीतिक आवश्यकता है। 25 से 30 सीटों पर लड़ने की मांग के पीछे उनका तर्क यह था कि तभी वे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। भारतीय चुनाव आयोग के नियम के अनुसार किसी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा तब मिलता है जब वह चार राज्यों में मान्यता प्राप्त हो या कुल वोटों का 6% और चार लोकसभा सीटें हासिल करे। मांझी इस दिशा में पहला कदम बिहार से ही उठाना चाहते हैं।

गठबंधन के दौरान बार्गेनिंग सिर्फ शीर्ष स्तर का खेल नहीं होती, इसका असर निचले स्तर तक जाता है। जब कोई नेता अधिक सीटों की मांग करता है, तो वह अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी देता है कि हमारे संघर्ष का मूल्य है, हम हाशिए पर नहीं। इस तरह का दबाव राजनीतिक संगठन को जीवंत रखता है। मांझी के आक्रामक बयानों का उद्देश्य यही था, अपने कैडर को ऊर्जा देना। उन्होंने यह एहसास दिलाया कि पार्टी के हर कार्यकर्ता का संघर्ष किसी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सामूहिक स्वप्न का विस्तार है। यह स्वप्न है, दलित नेतृत्व की राजनीतिक मान्यता और सामाजिक बराबरी का प्रतीक बनना।

अगर, मांझी राजनीति में भावनात्मक बार्गेनिंग का चेहरा हैं, तो उपेंद्र कुशवाहा तर्कसंगत रणनीति के प्रतीक हैं। बिहार की राजनीति में वे हमेशा एक ह्यथिंकिंग पॉलिटिशियनह्न के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने न तो सीटों के लिए उतावला व्यवहार दिखाया, न ही असंतोष का नाटक किया। कुशवाहा जानते थे कि इस बार का चुनाव भाजपा के लिए बेहद निर्णायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों इस लड़ाई को किसी भी कीमत पर जीतना चाहते हैं। ऐसे में, कुशवाहा के लिए यह समय था संयम और रणनीतिक धैर्य का। उन्होंने कभी भी गठबंधन के बाहर जाने की बात नहीं की, बल्कि सम्मानजनक हिस्सेदारी की मांग को शालीनता के साथ दोहराते रहे।

उनका मिशन सीटों की राजनीति से आगे बढ़कर शिक्षा सुधार का है। वे बार-बार यह कह चुके हैं कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बदले बिना राज्य की राजनीति में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं। यही वजह है कि वे नीतीश कुमार से मतभेद होने के बावजूद इस मिशन को लेकर सड़कों पर उतरे थे। आज भी वे मानते हैं कि शिक्षा सुधार के अपने विजन को मूर्त रूप देने के लिए उन्हें केंद्र की भाजपा सरकार का सहयोग जरूरी है।

इसलिए, जब भाजपा ने उन्हें गठबंधन में सीमित हिस्सेदारी दी, तो उन्होंने इसे ह्यन्यायोचित और यथार्थवादीह्न मानकर स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा तय किए गए गठबंधन नियम को उन्होंने न केवल स्वीकार किया बल्कि उसका राजनीतिक अर्थ भी समझा। यह नियम एक तरह से छोटे दलों के लिए सम्मान की न्यूनतम गारंटी है, और कुशवाहा इस सच्चाई को बखूबी समझते हैं। बिहार की राजनीति में गठबंधन की मजबूरी और सम्मान का समीकरण एक साथ चलता है। कोई भी बड़ा दल यह नहीं चाहता कि उसका छोटा सहयोगी नाराज होकर विरोधी खेमे में चला जाए। वहीं छोटा दल भी यह जानता है कि गठबंधन छोड़ने का मतलब होगा राजनीतिक अस्तित्व का संकट, इसलिए दोनों के बीच बार्गेनिंग की यह रस्साकशी अंततः सम्मानजनक समझौते पर जाकर टिकती है।

मांझी और कुशवाहा दोनों इस समीकरण को भलीभांति समझते हैं। मांझी जानते हैं कि एनडीए छोड़ना उनके राजनीतिक भविष्य के लिए जोखिम भरा होगा, जबकि कुशवाहा समझते हैं कि भाजपा के सहयोग से ही वे अपने मिशन को पूरा कर सकते हैं। दोनों नेताओं का दृष्टिकोण अलग जरूर है, पर लक्ष्य एक ही–सम्मान और स्थायित्व का।अगर, पिछले एक दशक के गठबंधन इतिहास को देखें, तो बार्गेनिंग की भाषा में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले सीटों की मांग को लेकर खुली धमकियां दी जाती थीं, अगर इतनी सीटें नहीं मिलीं तो हम अलग रास्ता अपनाएंगे।

# पवन सिंह-ज्योति सिंह विवाद : आँसुओं के पीछे संवाद की दरार

अमन शांडिल्य



**पवन सिंह के अनुभव और ज्योति सिंह की संवेदना – दोनों अगर मिल जाएँ, तो भोजपुरी सिनेमा एक बार फिर दिलों को जोड़ने वाला मंच बन सकता**

भोजपुरी सिनेमा आज फिर एक भावनात्मक तूफान के बीच है। लोकप्रिय अभिनेता पवन सिंह और अभिनेत्री ज्योति सिंह के बीच चल रहे विवाद ने न सिर्फ दर्शकों को विचलित किया है, बल्कि इस उद्योग की छवि को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। यह विवाद केवल दो कलाकारों के बीच का नहीं, बल्कि संवाद की कमी से उपजा एक बड़ा सबक है।

पवन सिंह भोजपुरी फिल्म जगत के सबसे चर्चित और सफल कलाकारों में गिने जाते हैं। दूसरी ओर, ज्योति सिंह नई पीढ़ी की एक संवेदनशील और प्रतिभावान अभिनेत्री हैं, जो अपनी मेहनत से पहचान बना रही हैं। हाल के दिनों में दोनों के बीच मतभेद ने व्यक्तिगत रूप ले लिया। ज्योति सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहते आँसू यह बताते हैं कि यह मामला



सिर्फ एक ह्यविवादह्न नहीं, बल्कि भावनात्मक पीड़ा का परिणाम है। वहीं, पवन सिंह की प्रतिक्रियाओं में भी आहत मन का संकेत दिखता है।

विवाद की असली जड़ स्पष्ट नहीं है – कुछ लोग इसे निजी रिश्तों की गलतफहमी बताते हैं, तो कुछ इसे फिल्मी मतभेदों का परिणाम मानते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि जब संवाद टूट जाता है, तो



भावनाएँ भी गलत दिशा में बहने लगती हैं। सोशल मीडिया ने इस आग में घी डालने का काम किया, जिससे दोनों पक्षों की निजी बातें सार्वजनिक चर्चा बन गईं।

भोजपुरी सिनेमा आज उस मोड़ पर है जहाँ उसे अपनी गंभीरता और गरिमा बनाए रखने की जरूरत है। कलाकार जब एक-दूसरे पर आरोप लगाने लगते हैं, तो कला का उद्देश्य – यानी समाज में सम्मान और प्रेरणा का संदेश – पीछे छूट जाता है। पवन सिंह और ज्योति सिंह, दोनों ही लोकप्रिय चेहरे हैं। इनसे उम्मीद यही थी कि वे भावनाओं से ऊपर उठकर परिपक्वता दिखाएँगे।

दोनों तरफ आँसुओं का सैलाब है – ज्योति के शब्दों में दर्द झलकता है, तो पवन के चेहरे पर खामोशी बोलती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दोनों ने शालीनता बरती, यह बताने के लिए कि भीतर भले तूफान हो, पर बाहर अब भी मयार्दा ज़िंदा है।

फिर सवाल उठता है – क्या सचमुच धरती वीर-विहीन हो गई है? कोई तो आगे आए, जो इन दो दिलों के बीच टूटी हुई डोर को फिर जोड़ दे।

समाधान केवल एक है – संवाद और सम्मान। दोनों कलाकार अगर आमने-सामने बैठकर एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, तो यह विवाद खत्म होकर एक मिसाल बन सकता है। सार्वजनिक जीवन में सबसे बड़ी जीत वही होती है जब हम गलतफहमियों से ऊपर उठकर इंसानियत को प्राथमिकता दें।

अंततः, यह विवाद यह याद दिलाता है कि पर्दे के पीछे कलाकार भी इंसान हैं – जिनके पास भावनाएँ हैं, पीड़ा है और आत्मसम्मान भी। पवन सिंह के अनुभव और ज्योति सिंह की संवेदना – दोनों अगर मिल जाएँ, तो भोजपुरी सिनेमा एक बार फिर दिलों को जोड़ने वाला मंच बन सकता है।

क्योंकि कला की असली ताकत शोर नहीं, संवाद है – और जहाँ संवाद जीवित रहता है, वहाँ रिश्ते मरते नहीं।

# तुम स्वयं अपना निर्माण करो

डॉ कल्याणी कबीर



अपनी प्रतिध्वनि को सुनकर तुम,
अंत`शक्ति का ध्यान धरो,
अपने पथ का सम्मान करो ,
तुम स्वयं अपना निर्माण करो।
हो? अशांत विकल ये मन? फिर भी ,
हो अश्रुपूरित चेतन फिर भी ,
बाधाओं का प्रतिकार करो,
तय लक्ष्यों का अनुसंधान करो
तुम स्वयं अपना निर्माण करो।
ये राष्ट्र तुम्हारा परिचय है ,
आत्मिक शक्ति का संचय है ,
तुम दो? समाज को नयी
दिशा,
जनगण हित में प्रतिदान करो।
तुम स्वयं अपना निर्माण करो।
हो क्षितिज तेरा धानी आंचल,
संवेदित हृदय गंगा का जल,
हो जय नारी सामर्थ्य की अब,
ऐसा अनुपम कीर्तिमान गढो।
तुम स्वयं अपना निर्माण करो।

# मेरे होंठों की

मनीषा शर्मा



मेरे होंठों की
जलकर खत्म होती मटमैली रंग
जो बोलती है ,
वह बात झूठ नहीं ।
तुम ही हो
वह डांवाडोल
जो मेरी कविता में तुफानी मचाते
हो ।
यह चाहत झूठी नहीं
यह अवाक स्वप्न ,
यह बेचैनी झूठी नहीं ।
झूठी नहीं तुम्हारी कदमों की
आहट
झूठी नहीं लंबी रातो की जज्बात
यह नाटक झूठ नही
यह उपलब्धि भी झूठ नही कि
जीवन है एक
अपार व्यर्थ विचार ।
बारिश की ये राते झूठे नहीं
आवेश का यूं उतार-चढ़ाव भी
झूठ नहीं
यह सोच भी कतई झूठ नहीं कि
मैं हूं एक विध्वस्त नारी ।

# एक आधुनिक सुकरात: डॉ राममनोहर लोहिया

हमारे नायक डॉ. राममनोहर लोहिया पर शिव का सर्वाधिक प्रभाव रहा। मनसा शिव, वचसा शिव, कर्मणा शिव, जीवन भी अविवादित रहे। भारत के वंचितों, शोषितों के उद्धार के लिए। संभवतः इस विवाह पक्ष की तरफ ध्यान ही नहीं गया। मानस से हमेशा पीड़ितों के आंसुओं दुख कातरता सभा उनक व्यक्तित्व कवी हा सुकरात क समान मौलिक चिंतक, अक्खड़, बेबाक, शब्दों को बिना चबाये बोलने वाले तेजस्वी वक्ता तो वे थे ही लेकिन द्वेष बुद्धि से परे। स्वपोषित गरीबी और स्वाच्छादित अंकिचन जीवन उन्होंने ओढ़ रखा था। भारत के गरीब उनके इष्ट स्वरूप थे। यह तो उनके कर्म से स्पष्ट परिलक्षित होता था। भारतीय संसद में तो वे मानो ऋषि अष्टावक्र के समान अग्निवाण रूपी वाणी उगलते हुए ही मिलेंगे।

लोहिया के अतिरिक्त कई अन्य सांसदों ने इस आवाज का स्वर दन में अपना योगदान किया। आचार्य कृपलानी, अटल बिहारी वाजपेयी, मधु लिमये, हीरेन मुखर्जी किशन पटनायक आदि कई नाम उल्लेखनीय है। तबतक भारत की जनता को और अधिकांश सांसदों, विधायकों को भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि संसदीय लोकतंत्र में सरकार पर अंकुश रखने के लिए क्या-क्या उपाय उपलब्ध है। और उनका कैसे उपयोग किया जाता है। प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि का क्या महत्व है। इसे इसी समय समझा गया। शासक दल के भारी बहुमत के कारण विपक्ष में बोले की हिम्मत नहीं होती थी और सत्तापक्ष के लोग सिर्फ हाथ उठाने का काम करते थे। लेहिया ने इस प्रवृत्ति के प्रति सावधान किया था। 'जनतंत्र की अवज्ञा भी खतरनाक है और आज्ञाकारिता भी'।

डॉक्टर लोहिया के शारीरिक गठन एवं पार्थिव व्यक्तित्व का ऐसा चिंतन किया है। सांवली नाटी सी पहलवानी सांचे में ढली मूर्ति, विशाल माथा, चश्मे के शीशे में चमकने वाली तीखी, बांधने वाली नजर, आत्मविश्वास की दृढ़ता और गहराई का संकेत देने वाली थोड़ी होठों के किनारे से छलकती शरारत भरी नटखट हंसी, दिलदार खुली तबीयत, उत्फुल मानसिकता आदि प्रमुख विशेषताएं थी डॉक्टर लोहिया के व्यक्तित्व की। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में स्थित अकबरपुर नामक ग्राम में 23 मार्च 1910 को हुआ था। उनके पिता का नाम हीरालाल और माता का नाम चंद्री था। डॉक्टर लोहिया का परिवार मिजार्पुर से आकर अकबरपुर में बसा था। लोहे का कारोबार होने के कारण लोहिया के परिवार के साथ लोहिया शब्द जुड़ गया था। लोहिया परिवार के कई पुरुषों की मौत असमय हो गई थी इसलिए राम मनोहर को किसी अज्ञात शाप से बचाने के लिए टोने के रूप में किसी मेहतरानी अथवा मुसलमान स्त्री को बेच दिया गया था। दो ढाई साल की अवस्था में लोहिया की मां की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके पालन-पोषण का भार उनकी दादी ने संभाला।लोहिया का बचपन जिन परिस्थितियों में बीता उन परिस्थितियों ने उनकी अस्थाई प्रवृत्तियों का निर्माण किया। सभी स्त्रियों के प्रति उनके मन में जो आदर की भावना थी, वह संभवत इसलिए आयी कि उन्हें अपनी मनोवैज्ञानिक निर्माण की अवस्था में औरतों का प्यार मिला था।

उनकी प्राथमिक शिक्षा अकबरपुर में टंडन पाठशाला में हुई। सिर्फ पांचवी कक्षा में उन्होंने अकबरपुर के ही विश्वनाथ विद्यालय में प्रवेश लिया। पढ़ाई में तीव्र बुद्धि लोहिया को खेलकूद एवं बांसुरी बजाने का अत्यधिक शौक था।कारोबार के उद्देश्य से पिता कुछ समय मुंबई में रहने लगे तो राम मनोहर भी वहां प्रसिद्ध मारवाड़ी स्कूल में प्रविष्ट हुए। इसी छात्रावास में उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के प्रथम संस्कार मिले। पिता पूर्व से ही गांधी जी के भक्त थे और उनके कार्यक्रमों के प्रति आकृष्ट थे। यहीं पर उन्होंने पिताजी के प्रेरणा से गांधी जी के प्रथम दर्शन किए। सन 1925 में उन्होंने 61% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में मैट्रिक की परीक्षा पास की। कक्षा में प्रथम आकर अगली पढ़ाई वाराणसी में मदन मोहन मालवीय जी कृत बनारस हिंदू विद्यालय से की। यहां भी अपने स्वतंत्र चिंतन के कारण अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों में लोकप्रिय थे। गोष्ठियों एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में खुलकर भाग लेते थे। वह पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ढेर सारी पुस्तकें बड़ी रुचि से पढ़ते थे। उनकी अवस्था 16 वर्ष की थी तो उन्हें गुवाहाटी के कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होने का मौका भी मिला। इस विषय में उनकी उत्सुकता ही प्रमुख कारण थी।

यहां वे कांग्रेस के अखिल भारतीय विद्यार्थी संगठन के सदस्य और कार्यकर्ता बने और जवाहरलाल नेहरू के साथ उनकी पहली मुलाकात हुई। 1929 में उन्होंने बीए अच्छी श्रेणी से पास किया। उसके बाद पिताजी की इच्छा के अनुसार एक दो चैरिटेबल संस्थाओं से आर्थिक सहायता प्राप्त कर अध्ययन के लिए विदेश गए। राम मनोहर अगस्त 1929 में इंग्लैंड पहुंचे। लेकिन भारत को गुलाम बनाने वाले देश की संस्थाओं में उनका पढ़ने में मन नहीं लगा। एक अंग्रेजी विद्वान की सलाह पर वह कुछ नया सीखने के इरादे से बर्लिन पहुंचे वहां उन्हें विचारोत्तेजक वातावरण मिला।

उन्होंने बर्लिन के हंबोल्ट विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी करने के लिए प्रवेश लिया। प्रबंध का शीर्षक था- नमक का कानून और सत्याग्रह। मार्गदर्शक थे प्रोफेसर बर्नर जोम्बार्ट जो अपने समय के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइंस्टीन और समाजवादी चिंतक शूमाकर इसी विश्व विद्यालय में अध्यापक थे। जर्मन विश्वविद्यालयों में शोध कार्य के लिए जर्मन भाषा का ज्ञान आवश्यक था अतः उन्होंने 3 माह में ही जर्मन भाषा का ज्ञान प्राप्त कर लिया।जर्मनी में लोहिया जी ने 1929 के अंतिम दिनों से लेकर 1933 के प्रारंभिक दिनों तक लगभग 3 साल अध्ययन किया। 22 साल की अवस्था का उनका यह छात्र जीवन कई विचारधारा और आंदोलन से प्रभावित हुआ। वे सोशल डेमोक्रेट पार्टी की ओर अधिक आकर्षित थे। उसके सदस्य भी बने। उनके कई मित्र कम्युनिस्ट और नाजी पार्टी के भी थे।जर्मनी में 3 साल के प्रवास ने लोहिया की सोच को राजनीतिक, सामाजिक समस्याओं के प्रति उनके दृष्टिकोण को ऐसा तार्किक मोड़ दिया जिसने आगे चलकर उन्हें भारत के महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाए गए भारत के स्प के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने यूरोप के विचार प्रवाह को देखा समझा और बीच ऐसी स्वतंत्र दृष्टि विकसित करने की कोशिश की जो अपने की माटी के अनुकूल थी।

17 मई 1934 को पटना में आचार्य नरेंद्र देव की अध्यक्षता में वीस के भीतर समाजवादी समझ वाले लोगों का सम्मेलन हुआ जिसमें कास सोशलिस्ट पार्टी बनाने का निर्णय लिया गया। उसी वर्ष 21 और 22 अक्टूबर को मुंबई में डॉ संपूणार्नंद की अध्यक्षता में उसका स्थापना सम्मेलन हुआ। पटना के सम्मेलन में पार्टी के नीति कार्यक्रम और संविधान बनाने के लिए जो समिति गठित की गई थी उसमें डॉक्टर लोहिया को भी शामिल किया गया था। इसके प्रसिद्ध नेताओं के नाम थे- आचार्य नरेंद्र देव, जय प्रकाश नारायण, युसुफ मेहर अली, मीनू मसानी, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, डॉ संपूणार्नंद, रामनंदन मिश्र, रामवृक्ष बेनीपुरी, शिवनाथ बनर्जी एवं स्वयं राम मनोहर लोहिया।कांग्रेस में जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस वामधड़ों के नेता माने जाते थे। सोशलिस्ट उन्हें अपना नेता मानते थे किंतु यह दोनों कभी कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य नहीं बने। लोहिया जवाहरलाल नेहरू से बहुत प्रभावित थे। गांधी जी के बाद जिस नेता का उनपर गहरा प्रभाव था वह जवाहरलाल नेहरू ही थे। इस बात को वे स्वयं स्वीकार भी करते थे।1936 में जब जवाहरलाल नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो उन्होंने लोहिया से कांग्रेस का विदेश विभाग संभालने का आग्रह किया। वह आनंद भवन इलाहाबाद में आकर अपनी जिम्मेदारी संभालने लगे। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किए लेकिन जब कांग्रेस ने निर्णय लिया कि कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का कोई सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी में किसी अधिकार के पद पर नहीं रह सकता तो लोहिया ने तुरंत इस्तीफा दे दिया।

श्री लोहिया में पार्टी अनुशासन के नाम पर आंख मूंदकर काम करने की प्रवृत्ति नहीं थी। और वे विचार की स्वतंत्रता को पार्टी अनुशासन में रहते हुए भी बनाए रखने को महत्व देते थे। लोहिया का मानना था कि वामपंथियों के उकसाने पर सुभाष का गांधी के नेतृत्व को चुनौती देना स्वतंत्र आंदोलन के लिए शुभ नहीं होगा।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुम्भ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# शांखा नदी में बालू माफियाओं का बोलबाला, प्रशासन बना मूकदर्शक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

चांडिल प्रखंड में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य की सभी नदियों से बालू उठाव पर लगाए गए प्रतिबंध को नीमडीह प्रखंड में खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। शांखा नदी से प्रतिदिन रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन और परिवहन का धंधा धड़ल्ले से जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, नीमडीह प्रखंड सह अंचल क्षेत्र के तिलाईटांड, मुरू, झिमड़ी, हेबेन सहित कई गांवों के पास शांखा नदी में बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध कारोबार ₹छूट का माल लूट लो₹ कहावत को साकार कर रहा है, क्योंकि सरकारी स्तर पर यहां किसी भी तरह के बालू खनन की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद रात



दर रात नदी से बालू उठाव जारी है

**एनएच-32 पर दिनदहाड़े दौड़ रहे बालू लदे ट्रैक्टर**

बालू कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे रात ही नहीं, बल्कि दिन के उजाले में भी राष्ट्रीय राजमार्ग-32 और ग्रामीण सड़कों पर तेज रफ्तार से बालू लदे ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं। कई ट्रैक्टर नीमडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय के ठीक सामने से गुजरते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक्टरों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि कभी भी जानलेवा हादसा हो सकता है।

**प्रशासनिक उदासीनता पर ग्रामीणों में आक्रोश**

ग्रामीणों का आरोप है कि जिला खनन विभाग अवैध बालू खनन और परिवहन को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की, तो न केवल पर्यावरण को नुकसान होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी।

## जोहार झारखण्ड श्रमिक संघ ने टाटा स्टील के पावर हॉउस गेट 3 के सामने धरना दिया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**जमशेदपुर** । जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ के बैनर तले शनिवार को जुगसलाई स्थित टाटा स्टील पावर हाउस गेट के सामने एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मजदूर नेता राजीव पांडेय ने किया। इस आंदोलन का उद्देश्य मेसर्स टाटा स्टील कंपनी परिसर स्थित न्यू बार मिल (ऑपरेशन ग्रुप) में कार्यरत मेसर्स विवेक कंस्ट्रक्शन प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के साथ किए जा रहे अन्याय, फुल एंड फाइनल सेटलमेंट में गड़बड़ी, ओवरटाइम बकाया भुगतान में देरी, तथा गेट पास ब्लॉक जैसी श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना था। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। मौके पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने श्रमिकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि॥श्रमिकों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मौके पर उपस्थित जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ के उपाध्यक्ष विष्णु कुमार कामत ने ठेका प्रथा का विरोध करते हुए ठेका मजदूरों के साथ हो रहे शोषण पर रोष प्रकट किया एंव कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व भारत जोड़ो यात्री अमरनाथ मिश्रा व प्रमोद मिश्रा ने मजदूर नेता राजीव राजीव पर अपना विश्वास जाहिर करते हुए मजदूर यूनियन और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बना का बात कही और वर्तमान स्थिति में मजदूरों के स्थिति पर प्रकाश डाला। संचालन रितेश घोषाल ने किया एंव जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ के माध्यम से किए गए मजदूरों के अधिकार की लड़ाई और मजदूरों के कल्याण हेतु जानकरी साझा किया। मौके पर उपस्थित राजीव पांडे, रितेश घोषाल, अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह, कोल्हान मजदूर संघ के नेता बसंत कुमार, अमरनाथ मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, 43 से ज्यादा मजदूर कार्यक्रम में हिस्सा लिया

## सरायकेला: कपाली में अवैध हथियार के साथ कुख्यात अपराधी मो. इरशाद गिरफ्तार, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सरायकेला:** कपाली ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी मो. इरशाद को अवैध लोडेड पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी.

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कपाली ओपी को गुप्त सूचना मिली थी कि मो. इरशाद नामक अपराधी अवैध हथियार के साथ केन्दडीह स्थित अलमनार स्कूल के सामने वाली गली में नशापान कर रहा है और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल के निर्देश पर कपाली ओपी प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया



गया.

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केन्दडीह, अलमनार स्कूल के सामने वाली गली, डांगोडीह और कपाली क्षेत्र में छापेमारी की. इस दौरान मो. इरशाद को सिल्वर कलर की MADE IN USA NO.11, 7.65 MMअंकित लोडेड पिस्टल और तीन जिंदा गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बरामद हथियार को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है.

एसपी ने बताया कि मो. इरशाद का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और वह कई गंभीर मामलों में पहले से नामजद है, जिनमें हत्या, रंगदारी और अवैध हथियार रखने के मामले शामिल हैं. उसके खिलाफ चांडिल, आदित्यपुर और आजादनगर थाना क्षेत्रों में कुल चार आपराधिक कांड दर्ज हैं, जिनमें हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत कई धाराएं शामिल हैं. उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने में कपाली ओपी की टीम, टाइगर मोबाइल और तकनीकी शाखा के कर्मियों की अहम भूमिका रही.

पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि जिले में अवैध हथियार रखने और अपराधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा. किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## सार-संक्षेप

### हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर कांड्रा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया ।**हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर कांड्रा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने कविता पाठ, चित्रकला, भाषण और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से बालिका शिक्षा, समानता और सशक्तिकरण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विविध गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के अधिकार और समाज में उनकी भूमिका को उजागर करने का अवसर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका जबा दास ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बेटियां सिर्फ परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की पहचान होती हैं। उन्हें समान अवसर और सम्मान देना हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके प्रयासों और प्रतिभा की सराहना की गई, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह की भावना और मजबूत हुई।

### हाट बाजार के संवेदक सोनू कुमार गुप्ता की मनमानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया ।**कांड्रा बाजार के दुकानदारों द्वारा शनिवार को हाट बाजार के संवेदक सोनू कुमार गुप्ता की मनमानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने संवेदक द्वारा मनमाने ढंग से मासूल वसूले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक द्वारा तय शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है। विरोध करने पर संवेदक के लोग व्यापारियों को धमकाते हैं और दुकान लगाने से रोकने की कोशिश करते हैं। दुकानदारों ने बताया कि पहले तय मासूल 20 रुपए था, लेकिन अब उनसे 50 से 150 रुपए तक वसूला जा रहा है। ठेला-फेरी लगाने वालों से भी जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। इस मनमानी से छोटे व्यापारियों और गरीब विक्रेताओं का जीवन-यापन कठिन हो गया है। पीड़ित दुकानदारों ने सामूहिक रूप से कांड्रा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंप कर मदद की गुहार लगाते हुए बाजार में पारदर्शी वसूली व्यवस्था लागू करने और संवेदक की मनमानी पर रोक लगाने की मांग किया है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### जीवन ज्योति सेवा समिति की ओर से नरवा पहाड़ सामुदायिक केन्द्र में बंपर रक्तदान हुआ 346 यूनिट रक्त संग्रह




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जीवन ज्योति सेवा समिति की ओर से आज शनिवार को नरवा पहाड़ सामुदायिक केन्द्र में तीसरी बार बप्पर रक्तदान हुआ व संध्या साढ़े पांच बजे तक 346 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।इधर यूसिल की जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के महाप्रबंधक मनोरंजन महाली, व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कंचन भट्टा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि मनोरंजन महाली व डॉ कंचन भट्ट मिश्रा ने रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व से अवगत करता तथा कहा कि रक्तदान के 24 घंटे बाद नया ब्लड तैयार हो जाता है। जिसकी वजह से शरीर में नया सेल तैयार होगा। जिसका फायदा कैंसर, व हार्ड जैसी अन्य घातक बीमारियों का जुझ थे मरीजों को होता है व मौत का खतरा का डर भी घटता। कार्यक्रम के आयोजक सह जीवन ज्योति सेवा समिति के सदस्यों मसलन सुरेश मुर्मू,बप्पी नम्रता, चंद्राई टुडू, प्रशांत महतो ने भी समारोह को संबोधित किया व कहा कि उनका मकसद रक्तदाताओं की मुसीबत में या रक्त की जरूरत पड़ने पर 24 घंटे में रक्तदान मुहैया कराई जाएगी। जिसको लेकर ग्रामीण डरे नहीं, निर्भीक होकर इस शिविर में रक्तदान करे। इस दौरान आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जमशेदपुर : जुगसलाई में देर रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवक पकड़े गए, एक के पास से देशी पिस्तौल बरामद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर 10 अक्टूबर की रात करीब जुगसलाई थाना क्षेत्र के पार्वती घाट बस्ती स्थित श्मशान घाट गेट के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही थी।इसी क्रम में रात करीब 10:10 बजे एक बाइक पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों युवक बाइक समेत भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल की तत्परता से दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

## गम्हरिया में आईटी, स्पोकेन इंग्लिश, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, साइबर एवं टैली प्रशिक्षण केंद्र उद्घाटित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**टाटा और एनआईआईटी फाउंडेशन के उपक्रम का उद्घाटन सरायकेला डीडीसी रीना हांसदा ने किया।**



खेरवाल सामता जाहेरगढ़ समिति, सालडीह (टायोगेट,गम्हरिया) में कल एनआईआईटी फाउंडेशन और टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त उपक्रम में आईटी और स्पोकन इंग्लिश सेंटर का उद्घाटन किया गया। सरायकेला डीडीसी रीना हांसदा, टाटा स्टील गम्हरिया के चीफ रंजन कुमार सिंह, सारना समिति उपाध्यक्ष सोखेन हेम्ब्रम ने संयुक्त रुप से केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में डीडीसी रीना हांसदा ने कहा यह गम्हरिया क्षेत्र में अपनी किस्म का पहला पहल है, जो जिला के युवाओं को कौशल और सीखने के अवसरों का निर्माण करने माध्यम बनेगा। अपने संबोधन में टीएसजी चीफ, रंजन कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं में कौशल विकास के साथ साथ समाज का सामुदायिक आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में यह एक बहु उपयोगी केन्द्र बनेगा।

उपस्थित अतिथियों को इस उपक्रम के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुए हेड, सीएसआर सत्यनारायण नन्दा ने कहा कि ग्रामीण और झुग्गी बस्तियों के युवाओं में डिजिटल और संचार अंतर को पाटने के लिए टाटा स्टील के परिचालन क्षेत्रों में आईटी और अंग्रेजी लर्निंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। यह पहल वर्ष 2015 में शुरू हुई थी और तब से 6 केंद्रों से बढ़कर छह राज्यों ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 25 केंद्रों तक विस्तारित हो गई है।


प्रत्येक केंद्र में बेसिक और एडवांस आईटी, स्पोकेन इंग्लिश, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता एवं टैली जैसे नौकरी आधारित मॉड्यूल के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नए युग के पाठ्यक्रमों में संरचित पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं, महिलाओं और अन्य समुदाय के सदस्यों को उनके तकनीकी और संचार कौशल का निर्माण करके सशक्त बनाना है, जिससे उनकी आजीविका की संभावनाओं में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में माझी पारगना राजेश टुडू, रामदास टुडू, भोमरा माझी, निकटवर्ती गांवों के मुखिया एवं सारना समिति के सदस्यों के साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई : फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तिहार, 18 अक्टूबर तक कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सरायकेला-खरसावां** : राजनगर थाना पुलिस ने शनिवार को थाना प्रभारी चंचल कुमार के नेतृत्व में बरसासाई गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 74/2025 के फरार अभियुक्त सुशील मार्डी के घर विधिवत रूप से इश्तिहार चिपकाया। इस दौरान पुलिस ने ढोल और माइकिंग के माध्यम से पूरे गांव में घोषणा की कि अभियुक्त को 18 अक्टूबर 2025 तक न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

थाना प्रभारी चंचल कुमार ने बताया कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर अदालत में हाजिर नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध कानून के तहत आगे की



सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी भी सूरत में अपराधियों को पकड़ा जा सके।

पुलिस टीम ने गांववासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अभियुक्त से संबंधित कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल थाना को सूचित करें। इस कार्रवाई के दौरान राजनगर थाना के कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## CJI पर जूता फेंकने की घटना के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पूर्व विधायक अरविंद सिंह सहित विधायक मंगल कालिंदी भी हुए शामिल**



**चांडिल (संजय कुमार)** : सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की घटना को लेकर देशभर में विरोध तेज हो गया है। शनिवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल में तीन बार विधायक रह चुके पूर्व विधायक अरविंद उर्फ मलखान सिंह की अगुवाई में इस घटना के विरोध में विशाल रैली निकाली गई। रैली में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी शामिल हुए।

दलित समाज की ओर से इस कृत्य के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया गया। समाज के सैकड़ों लोग चांडिल रिजॉर्ट से रैली की शक्ल में चांडिल अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और वहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ विकास कुमार राय को ज्ञापन भी सौंपा।

रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकना बेहद निंदनीय है। यह न केवल न्यायपालिका पर हमला है, बल्कि देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि दोषी वकील के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सिंह ने कहा कि ईचागढ़ क्षेत्र के 47 गांव दलित बहुल हैं, लेकिन नेतृत्व की कमी महसूस होती है।

वहीं, झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जब तक दलित समाज एकजुट नहीं होगा, तब तक अत्याचार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को नेतृत्व की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। ॒मैं हर वक्त समाज के साथ खड़ा हूं,॓ उन्होंने कहा।

इस मौके पर कार्तिक कालिंदी, कृष्णा कालिंदी, मंटू कालिंदी, राजेन कालिंदी, पिंटू कालिंदी, विष्णु कालिंदी, रसु गोराई सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बच्चियों के सुनहरे भविष्य के लिए सशक्तिकरण का दिन है: मुखिया अनीता मुर्मू

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पोटका।** पोटका प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय राज दोहा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। मौके पर जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के बालिका, शिक्षिका, महिला मुखिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियां आदि ने भाग लेकर जोरशोर से कार्यक्रम को मनाई। डोमजुड़ी पंचायत की मुखिया अनीता मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन



लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, सामान अवसरों और सशक्तिकरण को समर्पित है। 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यह दिन तय किया ताकि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच और समानता को बढ़ावा दिया जा सके। यह दिवस सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तिकरण है।

विद्यालय में ₹सीकूई दुकुई अभियान₹ के अंतर्गत छात्राओं की शिक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम प्रार्थना सभा एवं बालिका नेतृत्व संकल्प पर विशेष प्रार्थना सभा का संचालन किया गया। जिसमें बालिका के उच्च शिक्षा के बारे जानकारी दिया गया। द्वितीय मेरा सपना , मेरी पहचान वॉल गतिविधि पर बालिकाओं ने स्वयं द्वारा बनाई गई पोस्टर को दीवार पर लगाया गया। तृतीय मुखिया अभिभावक, शिक्षक, छात्राओं द्वारा संयुक्त बैठक में छात्राओं से संबंधित योजना सावित्री बाई फूले योजना, मिशन वात्सल्य योजना, अजीम प्रेमजी छात्रवृति, सायकिल योजना आदि के बारे में बताया गया।

## कालिन्दी परिवार के कई सदस्यों को कंपनी में स्थायी एवं नियमित रूप से नौकरी भी दी गई:अमलगम स्टील

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया ।**कुछ लोगों द्वारा कालिंदी समाज से किसी को रोजगार नहीं मिलने की बजाय क्षेत्र में फैलाई जा रही है जो बिल्कुल भ्रामक और अफवाह है। उक्त बाते अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड विस्थापित/प्रभावित श्रमिक सहयोग समिति के सदस्यों ने कांड्रा में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह कंपनी और विस्थापित/प्रभावित समिति को गुमराह करने के लिए प्रचारित किया जा रहा है। सदस्यों ने बताया कि कांड्रा स्थित अमलगम स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (पूर्व में आधुनिक एलॉयज) की स्थापना वर्ष 2004-05 में कालिन्दी परिवार की 4.70 एकड़ जमीन पर की गई थी। उस समय प्रति एकड़ 1.75 लाख रुपए का मुआवजा भुगतान किया गया था। उस समय




कालिन्दी परिवार के कई सदस्यों को कंपनी में स्थायी एवं नियमित रूप से नौकरी भी दी गई थी जिसमें सुसेन कालिंदी, लक्खी,धीरेन, रामपदो, राखी, मुसरु, हाराधन, दुखु, अजीत, संतोषी, करमी, गणेश, रवि, जोगेन, ज्योत्सना, निताई, मंटू, गोविन्दो, सनातन, कृष्णा, अर्जुन, पंकज कालिन्दी समेत अनेक नाम शामिल हैं। समिति ने स्पष्ट किया कि वह जाति या समाज के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करती, बल्कि विस्थापित परिवारों के अधिकार और औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है। विस्थापित / प्रभावित श्रमिक सहयोग समिति के सदस्यों ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा कंपनी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से कालिन्दी परिवार के रोजगार को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। लेकिन सच्चाई यह है कि कालिन्दी समाज के अनेक सदस्य आज भी कंपनी में नियमित रूप से कार्यरत हैं और अपने कार्य से कंपनी की प्रगति में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने अपील किया कि बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी अफवाह पर विश्वास नहीं किया जाए। प्रेस वार्ता में समिति के सुधीर कुमार महतो, मनोज महतो समेत कई सदस्य शामिल थे।

# रिश्तों पर लालच भारी: ममेरे भाई ने पत्नी और दोस्त संग मिलकर की अमराराम की हत्या

**भीलवाड़ा, एजेंसी।** भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुई अमराराम की हत्या के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के ममेरे भाई, उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हत्या के पीछे पुराना आर्थिक विवाद और ब्याज के पैसों का लेन-देन मुख्य कारण बताया गया है। गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में रोशनलाल (39) पुत्र केसू बंजारा निवासी पालरा हाल गंगापुर, उसकी पत्नी प्रेम देवी (35) और साथी संतोष (28) पुत्र हरि सिंह बंजारा निवासी गंगापुर शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि मृतक अमराराम (50) पुत्र गौरू बंजारा निवासी चतरपुरा, थाना रायपुर, ब्याज पर रुपए उधार देने का कार्य करता था। उसने चार वर्ष पहले अपने ममेरे भाई रोशन को एक लाख रुपये उधार दिए थे, जिन पर भारी ब्याज लगाकर उसने करीब सात लाख रुपये वसूल कर लिए थे। इसी वसूली से परेशान होकर रोशन, उसकी पत्नी और मित्र संतोष ने मिलकर अमराराम की हत्या की योजना बनाई।




**शव बोरे में डालकर फेंका गया था:** गुरुवार सुबह गंगापुर-रायपुर रोड पर स्पिन फैड मिल के पास खाली प्लॉट में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि शव पर सिर और चेहरे पर धारदार हथियार से गहरी चोटें थीं। मृतक की पहचान अमराराम बंजारा के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में ही यह साफ हो गया कि हत्या के बाद शव को छुपाने की कोशिश की गई थी, क्योंकि शव को बोरे में बंद कर फेंका गया था।

**परिजनों ने किया प्रदर्शन:** हत्या की सूचना मिलते ही मृतक के भाई राम बंजारा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमराराम के गहने और मोबाइल भी गायब हैं। यह रिपोर्ट अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई थी। पुलिस की धीमी कार्रवाई से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने करीब 12 घंटे तक प्रदर्शन किया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

**मोबाइल लोकेशन से खुला राज:** पुलिस ने इस जघन्य वारदात की गुत्थी सुलझाने के लिए कई टीमों का गठन किया। तकनीकी जांच में अमराराम का मोबाइल बुधवार दोपहर 12-30 बजे बंद पाया गया, जिसकी लास्ट लोकेशन मेहतता पेट्रोल पंप, रायपुर रोड पर थी। जांच में पता चला कि अमराराम को रोशन की होटल 'जय मां जोगणिया' के पास आखिरी बार देखा गया था। इसी आधार पर पुलिस ने रोशन को हिरासत में लिया।पूछताछ में रोशन ने स्वीकार किया कि उसने पत्नी प्रेम देवी और दोस्त संतोष के साथ मिलकर अमराराम की हत्या की थी। उसने बताया कि हत्या के बाद शव को बोरे में भरकर पहले होटल के पास छिपाया और फिर रात में उसे स्पिन मिल के पास सुनसान प्लॉट में फेंक दिया। संतोष ने सबूत मिटाने के लिए मृतक की मोटरसाइकिल को कुएं में फेंक दिया।

### हत्या के बाद आरोपित परिवार के साथ बनता रहा निर्दोष

हत्या के बाद भी रोशन ने खुद को निर्दोष दिखाने के लिए चौंकाने वाला कदम उठाया। वह मृतक के परिवार के साथ लाश की तलाश में, अस्पताल और मॉर्च्युरी तक गया, ताकि शक न हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपित ने इतनी चालाकी से खुद को बचाने की कोशिश की कि पहले कुछ घंटों तक जांच दिशा भटक गई।

### पैसों के लालच और ब्याजखोरी से जन्मा हत्याकांड

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अमराराम ब्याज पर पैसे देने का काम करता था और कई लोगों से भारी ब्याज वसूल कर चुका था। रोशन और संतोष दोनों उसकी ब्याजखोरी से तंग आ चुके थे। अमराराम लगातार पैसों की मांग कर रहा था, जिससे परेशान होकर तीनों ने उसकी हत्या का फैसला कर लिया। 8 अक्टूबर की दोपहर अमराराम, उधारी के पैसे लेने के लिए रोशन की होटल पर गया था। वहां काफी देर रुकने के बाद वह कुछ देर के लिए सो गया। उसी वक्त रोशन ने धारदार हथियार से उसके सिर और चेहरे पर हमला कर दिया। हत्या के बाद पत्नी प्रेम देवी की मदद से शव को बोरे में डालकर छुपाया और फिर रात में फेंक दिया।थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार, बोरा, और मोबाइल रिकॉर्ड बरामद किए जा रहे हैं। पुलिस आरोपितों से और भी जानकारी जुटा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस योजना में और कोई शामिल था या नहीं।

## प्रतियोगी परीक्षा संबंधी जांच आयोग ने मुख्यमंत्री धामी को सौंपी अंतरिम रिपोट



**देहरादून, एजेंसी।** प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी ने आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार रिपोर्ट का परीक्षण कर अभ्यर्थियों के हित में निर्णय लेगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 21 सितंबर, 2025 को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए राज्य सरकार ने आयोग का गठन किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आयोग ने अल्प समय में अधिक से अधिक जनसुनवाई कर अभ्यर्थियों एवं संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति की जा चुकी है, जिससे मामले की पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भर्ती परीक्षा में अनियमितता की कोई संभावना न रहे और अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों का विश्वास राज्य की परीक्षा प्रणाली पर बना रहे।

## गंगा जी में नहाने गई महिला बही, शव बरामद



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** शनिवार को गंगा जी में नाहने गई महिला का पांव फिसलने से बह गई है। घटना जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के मनेरा दिलसौड के पास की है। सरोजनी देवी उम्र 58 वर्ष पत्नी बच्चन सिंह पंवार,ग्राम धराली हाल निवास बड़ेथी है। सूचना पर एनडीआरएफ की टीम तैनात है तथा एसडीआरएफ व एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू टीम ने महिला के शव को गंगा जी से रेस्क्यू कर जिला अस्पताल उत्तरकाशी भेज दिया है। जिला परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची है। महिला के शव को निकाल लिया है।

## दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की अपराध नियंत्रण कार्रवाई में चार फरार अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली पुलिस की एंटी-स्नैचिंग सेल, वसंत विहार, वसंत कुंज (दक्षिण) और साउथ कैंपस थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत चार वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपित झपटमारी, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट और एनआई एक्ट से जुड़े मामलों में फरार चल रहे थे और लंबे समय से अदालत की प्रक्रिया से बच रहे थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण-पश्चिम अमित गोयल ने बताया कि फरार अपराधियों, भगोड़ा और पैरोल, जमानत कूदने वालों के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान इन आरोपितों को पकड़ा गया है।

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

पहले मामले में एंटी-स्नैचिंग सेल की टीम ने तकनीकी निगरानी और कई छापों के बाद राकेश उर्फ बिहारी (40) जो आर-ब्लॉक, मंगोलपुरी निवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत ने चाणक्यपुरी थाना में 20 अक्टूबर 2022 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। उस पर पहले से स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के आठ मामले दर्ज हैं। वसंत विहार थाना पुलिस ने विश्वजीत चौधरी उर्फ राजा (42), जो सेक्टर-19 द्वारका का रहने वाला है को गिरफ्तार किया था। उसे वसंत विहार के एक मामले में दो अप्रैल 2022 को अदालत ने फरार घोषित किया था। उसके खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं।

वसंत कुंज (दक्षिण) पुलिस ने 8 अक्टूबर को एक गुप्त सूचना पर छोटू (30), जो मूल रूप सेजमालपुर, मुंगेर (बिहार) का निवासी है को फतेहपुर बेरी के श्मशान घाट के पास से पकड़ा। जांच में पता चला कि वह एनडीपीएस एक्ट, सफदरजंग एन्क्लेव थाना में दर्ज एक मामले में अदालत द्वारा भगोड़ा अपराधी घोषित था। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

वहीं साउथ कैंपस पुलिस ने नियमित निगरानी के दौरान आशु, कालकाजी थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में 30 सितंबर 2024 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी वर्तमान में एफआईआर सरिता विहार में न्यायिक हिरासत में है। संबंधित अदालत और थाना को सूचना दे दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और फरार अपराधियों को कानून के दायरे में लाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

## हुगली में छात्रा से अभद्र व्यवहार के आरोप में गृहशिक्षक गिरफ्तार


**हुगली, एजेंसी।** हुगली जिले के चुचुड़ा इलाके में एक निजी शिक्षक पर छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। आरोप है कि जब छात्रा ट्यूशन पढ़ने शिक्षक के किराए के घर पहुंची, उस समय वहां कोई अन्य छात्र या छात्रा मौजूद नहीं था। इसी दौरान शिक्षक ने उसके साथ गलत व्यवहार किया। घटना के बाद शुक्रवार को छात्रा के परिवार ने आरोपित शिक्षक की जमकर पिटाई की। बाद में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपित शिक्षक पूर्व बर्दवान जिले का निवासी है और हुगली के एक कॉलेज में पार्ट-टाइम लेक्चरर के रूप में कार्यरत है। वह पिछले कुछ वर्षों से चुचुड़ा में किराए के घर में रहकर छात्रों को ट्यूशन पढ़ाता है। सुबह से शाम तक उसके घर पर छात्र-छात्राओं की कक्षाएं चलती हैं। आरोप है कि पिछले मंगलवार को एक कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा जब ट्यूशन के लिए पहुंची, तब शिक्षक ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। उस समय कमरे में केवल वही दोनों मौजूद थे। छात्रा ने शुक्रवार को चुचुड़ा महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कराने से पहले छात्रा के परिवार ने शिक्षक पर हमला किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिक्षक को भीड़ से बचाया और थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलने पर हुगली-चुचुड़ा नगर पालिका की 11 नंबर वार्ड की पार्षद मौसुमी बसु चट्टोपाध्याय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा, ÷मैंने पुलिस को तुरंत फोन किया। इस तरह की घटना गंभीर है, लेकिन पहले इसकी सत्यता की जांच होनी चाहिए। अगर आरोप सही हैं, तो यह शिक्षक-छात्रा संबंधों के लिए शर्मनाक है, लेकिन यदि झूठे हैं तो सच्चाई सामने आनी चाहिए। हालांकि, स्थानीय लोग और जिन परिवारों के बच्चे उस शिक्षक से पढ़ते हैं, वे इस आरोप पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। एक अभिभावक ने कहा, ÷हमारे सर बहुत ही शालीन व्यक्ति हैं। वे हमेशा दरवाज़ा और खिड़कियां खोलकर पढ़ाते हैं। किसी ने उन्हें फंसाया है।÷

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कामरूप (असम), एजेंसी।** कामरूप जिलांतर्गत गरैमारी पुलिस ने एक किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपित को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। किशोरी चार महीने की गर्भवती है। ब्रह्मपुत्र नदी के बीचोंबीच क्षेत्र में गरैमारी पुलिस थाना के एसआई नवजीत डेका के नेतृत्व में पुलिस दल ने दो दिनों तक यंत्र चालित नाव के जरिए अभियान चलाकर नाबालिग किशोरी के बलात्कारी आक्राम अली को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आरोपित आक्राम आली ने किशोरी का शारीरिक शोषण करने के बाद शुवालकुची के नदी पुलिस थानांतर्गत बताहीदिया चर (नदी के बीचों-बीच छाड़न वाले क्षेत्र) में गुप्त रूप से छिपा था। गरैमारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात आरोपित आक्राम अली को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। आरोपित को गरैमारी पुलिस हिरासत में रखकर पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि ऋषि उपाधीधारी एक किशोरी को नौकरानी के रूप में रखकर आरोपित आक्राम अली ने यौन अत्याचार किया। इसके कारण किशोरी चार महीने की गर्भवती हो गई। जैसे ही किशोरी के साथ इस घटना का खुलासा हुआ, गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके बाद किशोरी के परिवार ने गरैमारी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर गरैमारी पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 64(2)(एफ)/3(5) श्रद्ध बीएनएसआर/डब्ल्यू 6 के पास्को के तहत 90/25 नंबर का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## जियारत करने परिवार के साथ आया तीन माह का मासूम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरिद्वार, एजेंसी।** दरगाह साबिर पाक में जियारत के लिए आए उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी एक परिवार पर उस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनका तीन माह का मासूम बेटा अबूजर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना अब्दाल साहब रोड, कलियर पर बीती रात की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार अमरोहा के ज्योतिबाफुले नगर मोहल्ला कुरैशी निवासी जहीर आसरी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पिरान कलियर दरगाह पर जियारत के लिए आए थे। रात के समय वे अब्दाल साहब रोड पर एक दुकान के सामने खुले स्थान पर सो रहे थे। उसी दौरान जहीर की पत्नी अपने तीन माह के पुत्र अबूजर के साथ सोई हुई थी। सुबह जब जहीर चाय लेकर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी के पास से मासूम अबूजर गायब था। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश की, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। घबराए पिता ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी और तहरीर देकर बेटे को खोजने की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि बच्चे के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर मासूम की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फूटेज भी खंगाली जा रही है।

## मां ने चार बच्चों संग खाया जहर, फ्लैट से मिले पांच सड़े-गले शव

**सीकर, एजेंसी।** शहर के धोद थाना क्षेत्र में स्थित अनिरुद्ध रेजिडेंसी से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक महिला ने अपने दो बेटों और दो बेटियों के साथ फ्लैट में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब सामने आई जब फ्लैट से आ रही दुर्गंध ने पड़ोसियों को सतर्क किया। पुलिस ने दरवाजा खोलकर जब अंदर देखा, तो पांच सड़े-गले शव बरामद हुए। सीओ धोद सुरेश शर्मा ने बताया कि फ्लैट काफी दिनों से बंद था और उससे दुर्गंध आ रही थी। बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों ने



इसकी सूचना दी। इसके बाद आज गेट खोला गया, तो अंदर पांच लोगों के शव मिले, जो बुरी तरह सड़ चुके थे और काले पड़ गए थे। फ्लैट पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बंद था। पुलिस के अनुसार फ्लैट के अंदर एक महिला और उसके चार बच्चों के पांच शव मिले।

## लाखों रुपये की बर्मीज सुपारी के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**चराईदेव (असम),एजेंसी।** चराईदेव जिला मुख्यालय शहर सोनारी से पुलिस ने लाखों रुपये मूल्य की अवैध रूप से लायी गयी बर्मीज (म्यांमार) सुपारी जब्त की गयी। सोनारी पुलिस ने चार टन बर्मीज सुपारी ले जा रहे वाहन को जब्त करने के साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सोनारी पुलिस ने शनिवार को बताया है कि राज्य की सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहे बर्मीज सुपारी के सिंडिकेट लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए ट्रकों से बर्मीज सुपारी की आपूर्ति की कोशिश के दौरान असम-नगालैंड मार्ग पर सोनारी पुलिस ने एक ट्रक (एएस-28एसी-0916) को जब्त किया। इस दौरान सोनारी पुलिस सुपारी के तस्करों को भी गिरफ्तार किया। ट्रक से लगभग चार टन बर्मीज सुपारी की खेप को पकड़ा है। जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गयी है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बरपेटा जिला निवासी छब्बी इस्लाम और मैदुल इस्लाम के साथ ही एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुआ है। बर्मीज सुपारी को मणिपुर से बरपेटा आपूर्ति करते समय पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## विदेशी महिला की मौत-पोस्टमार्टम के बाद बेटी को सौंपा गया शव, दिल्ली से भेजा जाएगा अमेरिका

**भरतपुर, एजेंसी।** भरतपुर रेलवे स्टेशन पर नौ अक्टूबर को हुई अमेरिकी नागरिक डोरो थी ली की मौत के बाद शनिवार को उनका पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड की निगरानी में करवाया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव उनकी बेटी नोएल ब्लू को सौंप दिया गया है। शव को भरतपुर से दिल्ली ले जाया जा रहा है, जहां से उसे अमेरिका भेजा जाएगा।



सीआईडी इंस्पेक्टर मोहन बंसल ने बताया कि डोरो थी ली की मौत की सूचना अमेरिकी दूतावास को भेजी गई थी। वहां से अनुमति मिलने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए शव को उनकी बेटी नोएल को सुपुर्द कर दिया गया है।

जीआरपी थाना अधिकारी हजारी लाल मीणा के अनुसार, नौ अक्टूबर को डोरो थी ली अपनी बेटी नोएल और अन्य विदेशी पर्यटकों के साथ रणथम्भौर घूमने जा रही थीं। भरतपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द हुआ। साथ में मौजूद टूर गाइड प्रशांत चौधरी ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

महिला के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया गया और अब उसे दिल्ली भेजा जा रहा है। वहां से आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को अमेरिका भेजा जाएगा। डोरो थी ली अपनी बेटी और लगभग 20 सदस्यीय ग्रुप के साथ भारत भ्रमण पर आई थीं। नौ अक्टूबर को वे आगरा से भरतपुर पहुंचीं और फतेहपुर सीकरी का भ्रमण भी किया था। भरतपुर से उन्हें ट्रेन द्वारा रणथम्भौर जाना था, लेकिन स्टेशन पर अचानक तबीयत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता के साथ दूतावास की समस्त औपचारिकताएं पूरी कीं। अब डोरो थी ली का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए अमेरिका भेजा जा रहा है।

## सांगली में एक करोड़ रुपये के नकली नोट जब्त, पुलिस कर्मी सहित पांच गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सांगली जिले के मिरज इलाके में पुलिस ने एक चाय की दुकान में छापा मारकर 1.11 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट ज़ब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक पुलिसकर्मी सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। सांगली जिले के पुलिस अधीक्षक संदीप घुगे ने शनिवार को बताया कि मिरज-पंढरपुर मार्ग पर नीलजी बामणी पुल के नीचे नकली नोट बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपित सुप्रीत कडप्पा देसाई को 42,000 रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया था। इस आरोपित की पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने कोल्हापुर शहर में एक पुलिस कांस्टेबल की चाय की दुकान पर छापा मारा और 500 और 200 रुपये के नकली नोट, एक रंगीन ज़ेरॉक्स मशीन, एक स्कैनर-प्रिंटर और एक वाहन, कुल मिलाकर 1.11 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट ज़ब्त किए हैं। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान पुलिस कांस्टेबल इबरार आदम इनामदार (44), सुप्रीत कडप्पा देसाई, राहुल राजाराम जाधव (33), नरेंद्र जगन्नाथ शिंदे (40), सिद्धेश जगदीश म्हात्रे (38) के रुप में की गी है। पुलिस जाँच में पता चला है कि इस दुकान पुलिस इस मामले में गिरफ्तार सभी आरोपितों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये नकली नोट कहां-कहां सर्कुलेट किए जाते थे और इस गिरोह के तार और किन लोगों से जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक घुगे ने कहा है कि मामले का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मियों को इनाम दिया जाएगा।

## आम के बगीचे से व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

**मालदा,एजेंसी।** जिले के चांचल-2 प्रखंड के कंदारन माझीपाड़ा स्थित एक आम के बगीचे से शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी मच गई। खबर मिलते ही चांचल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम पंचा माझी (39) है। वह लॉटरी टिकट बेचता था। वह कंदारन माझीपाड़ा के निवासी थे। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ने अल्प समय में अधिक से अधिक जनसुनवाई कर अभ्यर्थियों एवं संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की है, पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान पेशे से गृहशिक्षक दुर्गादास कर ने गुस्से में आकर तेजधार

स्थानीय लोगों का दावा है कि पंचा माझी के शरीर के कई हिस्सों, जैसे गर्दन और पीठ पर चोट के निशान हैं। मृतक की पत्नी बेलू माझी ने आरोप लगाया है कि उसके पति की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में पुलिस में हत्या की शिकायत दर्ज कराएंगी।

# निर्वाचन की स्याही में डूबा प्रेम, करवाचौथ पर पूजा की कर्मयोग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मौन साधना और साझेदारी, निर्वाचन कर्मी पूजा और पति गौरव ने एक साथ रखा करवाचौथ का कठिन व्रत**

**निर्वाचन ड्यूटी पर कर्तव्य और प्रेम का संगम**

**बरौनी /बेगूसराय** इस वर्ष शुक्रवार को पड़े करवाचौथ के कठिन व्रत को निर्वाचन विभाग की कर्मी पूजा गांधी और उनके पति गौरवचंद्र गांधी ने साझा संकल्प के साथ निभाया. पूजा गांधी ने कार्यालय की व्यस्तता और निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बीच निर्जला व्रत का कठिन संकल्प पूरा किया. यह साधना थी निर्वाचन कर्मी पूजा गांधी की. पूरे दिन वे न सिर्फ. अपनी ड्यूटी में लगी रहीं, बल्कि पानी की एक बूँद तक ग्रहण नहीं की. पति गौरवचंद्र गांधी के लिए रखे गए निर्जला करवाचौथ व्रत के दौरान, पूजा के हाथ में जहाँ एक ओर महत्वपूर्ण दस्तावेज थे, वहीं मन में व्रत की कथा और चांद



निकलने का इंतजार था. वहीं उनके पति गौरव ने भी अपनी पत्नी के इस त्याग में सहभागी बनते हुए, उनके लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रखा. उनका यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि यह व्रत अब केवल एकतरफा परंपरा नहीं, बल्कि दोनों के बीच प्रेम, समानता और त्याग का साझा बंधन बन गया है. सहयोगियों ने जब पूजा गांधी को आराम करने का आग्रह किया, तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया. उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य उनकी पहली प्राथमिकता है, लेकिन पति की दीघार्यु के लिए यह पारंपरिक व्रत भी उनके जीवन का अभिन्न अंग है. शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद जब पूजा गांधी घर पहुँचीं, तो थकान के बावजूद उनके चेहरे पर व्रत की पवित्र आभा थी. दोनों पति-पत्नी ने मिलकर पूजा की तैयारी की. रात में (समय, लगभग 8:00 बजे) बजे जैसे ही आसमान में चंद्रदेव के दर्शन हुए, पूजा ने पारंपरिक वेशभूषा में विधि-विधान से पूजा संपन्न की. छलनी से चंद्रमा को देखने के बाद उन्होंने पति गौरव के चेहरे का दीदार किया. इसके पश्चात, दोनों पति-पत्नी ने एक-दूसरे को जल पिलाकर और भोजन कराकर अपना चौबीस घंटे का कठिन व्रत तोड़ा. नगर परिषद् बरौनी निवासी पूजा और गौरव का यह युगल समर्पण आधुनिक कामकाजी महिलाओं और उनके जीवनसाथियों के लिए एक सशक्त उदाहरण है कि किस प्रकार वे अपने पेशेवर ज़िम्मेदारियों और भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों से जुड़े पारंपरिक मूल्यों के बीच सफलतापूर्वक संतुलन स्थापित कर सकती हैं. यह साझा व्रत बताता है कि कर्म और धर्म दोनों के निर्वहन में जीवनसाथी की भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण हो सकती है.

## विदेशी सैलानियों का जत्था ने सिद्धाश्रम में भागवत कथा का श्रवण किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**स्वामी चिदात्मन जी महाराज से विदेशी सैलानियों को आशीर्वाद मिला।**

**बीहट /बेगूसराय** सत्य सच्चिदानंद रूप नारायण का हर तनधारी को साक्षात्कार करके विश्व बंधुत्व की स्थापना ही सनातन धर्म का मूल मंत्र है। वैदिक ज्ञान के साथ-साथ शिखा सूत्र गोत्र प्रवर और यज्ञ से सनातन धर्म के साथ ही मानव मात्र अस्ति वृद्धि होती है यही आर्य दृष्टि का सदाचार है। अतः हम सब इस पुनीत कार्तिक महीना में भागवत



कथा और कार्तिक महात्म सुनकर हम सभी अपने जीवन में इनका अनुसरण करें संरक्षण संवर्धन करते हुए सनातन धर्म और आर्य दृष्टि की संबंद्धिका मां का गंगा और जगदंबा का सुभाषित प्राप्त कर रहे हैं इसी क्रम में भागवत कथा के समय ग्यारह सदस्य विदेशी सैलानियों का जत्था कोलकाता से वाराणसी जाने के क्रम सिमरिया धाम सिद्धाश्रम के प्रांगण में भक्ति भाव से कथा का श्रवण करते हुए पूज्य स्वामी चिदात्मन जी महाराज से आशीर्वाद स्वरुप अंग वस्त्र और प्रसाद ग्रहण किया, विदेशी सैलानी के साथ गाइड का काम बिना जायसवाल सुरजीत घोष दीपंकर घोष ऑस्ट्रेलिया के सैलानी डोनाल्ड ट्रॉफी, ड्राईबैंड, मिस्टर जैनी, स्पेन से आए हुए सांता मारिया जापान से एम यू नेटो, न्यू से अनीता अमेरिका से एलिजाबेथ स्विट्जरलैंड ग्रेड, स्ट्रीटगालैंड, सर्व मंगला विद्यापीठ के सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, रविंद्र ब्रह्मचारी, मीडिया प्रभारी नीलमणि, राम झा, लक्ष्मण झा, अरविंद चौधरी, राधेश्याम चौधरी, सदानंद झा, आचार्य नारायण झा दिनेश झा रमेश झा राजेश झा हंस झा श्याम झा, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## वालीका दिवस के अवसर पर बच्चों को दी गई नाव दुर्घटना और बचाव से संबंधित जानकारी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**वीरपुर /बेगूसराय** शुभ शनिवार के तहत विभागीय आदेश के आलोक में शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक, मध्य व उच्च विद्यालयों में नाव दुर्घटना व उस से बचाव के तरीकों को शिक्षकों के द्वारा जानकारी दिया गया। मध्य विद्यालय मखवा में प्रधानाध्यापक मनोज ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षकों के द्वारा इस्कुली बच्चों को बालीका दिवस के मौके पर समाजीक निर्माण में बालीकाओं की भागीदारी व उसके महत्व पर चर्चा के साथ,नाव दुर्घटना व उस से बचाव से संबंधित मॉक डिरील के माध्यम से जानकारी दिया गया। साथ ही अगर नाव दुर्घटना हो हीं जाती है तो ? तब किया किया करना चाहिए, किया ना करना चाहिए, सबसे पहले अपनी सुरक्षा के लिए किया सब करना चाहिए आदि विषयों पर विस्तार से बच्चों को जानकारी दिया गया। मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

## मानव जनित आपदा भगदड़ से बचाव की बच्चों को मिली जानकारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भगवानपुर/बेगूसराय** प्रखंड के मिडिल स्कूल मेहदौली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरुआ , महेशपुर सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों को मानव जनित आपदा भगदड़ से बचाव की जानकारी दी गई।बच्चों को दशहरा, छठ पर्व, उत्सव मेला आदि में भीड़-भाड़ एवं भगदड़ संबंधी जोखिम एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गई । फोकल शिक्षक ने बताया कि दशहरा,छठ,मुहर्रम आदि का मेला या जुलूस मे भीड़ होती है। इस भीड़ -भाड़ में भगदड़ होने की संभावना होती है । अगर हम थोड़ी सावधानियां बरतें तो भगदड़ जैसी




मानव जनित आपदा से निपटा जा सकता है।भगदड़ के दौरान भीड़ का हिस्सा न बनें।पैरों को मजबूती से जमीन पर टिकाएं रखें। भीड़-भाड़ वाले इलाके में सावधान रहें और अनुशासित तरीके से चले । बेवजह शोर ना मचाएं,अफवाह ना फैलाएं व दूसरों को भी अफवाह फैलाने से रोके । स्थिति सामान्य होने पे घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उनकी सहायता करें और घायलों के इर्द गिर्द भीड़ इकट्ठी ना होने दे। पुलिस व राहत कर्मियों को उनके कार्य मे सहयोग करे । मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह,प्रमोद कुमार साह,विश्वनाथ,अवधेश, शिक्षक अमर शंकर, अजनीश, ऋतु,श्वेता,पूनम,शानू,अदिति,प्रिया , सहित बच्चे मौजूद थे।

## पूर्व विधायक अमिता भुषण ने की गेंहरपुर पंचायत में पद यात्रा,मिली जनता से आशीर्वाद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**वीरपुर /बेगूसराय** महां गठबंधन के समर्थित कांग्रेस की सम्भावित प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अमिता भूषण जनसंपर्क सह पद यात्रा के दौरान मतदाताओं से संपर्क कर आशीरवाद लेने में अन्य प्रत्याशियों से आगे निकलती दिख रही है! जनता से आशीरवाद भी मिल रही है। जीस से पूर्व विधायक अमिता भूषण प्रशंन भी दिख रही हैं।श्रीमती भूषण ने पिछले 20 दिन पहले से ही पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ाव का सिलसिला शुरू कर दिया है ! इस दौरान अपने बेगूसराय विधायक सभा क्षेत्र की ज्यादातर पंचायतों में उनकी पदयात्रा पूरी भी हो चुकी है ! आज



इसी सिलसिले में श्रीमती भूषण वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के गेंहरपुर पंचायत में लोगों से आशीर्वाद लिया ।गेंहरपुर पंचायत के जिंदपुर, खरमौली,लंका टोल,बरहारा गेंहरपुर आदि गांवों में आज जनसंपर्क किया जिसमें कांग्रेस के दर्जनों कार्यकताओं के साथ साथ महागठबंधन घटक दल के सैकड़ों कार्यकर्ता साथ में घुम रहे थे ! इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक को स्थानीय समस्याओं से अवगत भी कराया! मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी,राजद के पूर्व मुखिया सुखराम महतों,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, डॉ राम सागर प्रसाद सिंह, डॉ गिता प्रसाद सिंह, निंजा नन्द झा,राम मुर्ती राय, अमित कुमार समेत सेकरों लोग मौजूद थे।

## उज्जवल भविष्य के लिए बालिका सशक्तिकरण जरूरी: कृष्ण मोहन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
राजेश कुमार

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सशक्त बालिका सह मतदाता जागरूकता अभियान। परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय मेघौल परिसर में कार्यक्रम आयोजित।**

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** बालिका सशक्तिकरण के जरिये हम बेहतर समाज कि नीव रख सकते हैं. सशक्त बालिका, सशक्त परिवार, सशक्त समाज से ही सशक्त राष्ट्र कि निर्माण संभव है. यह बातें परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय मेघौल के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मोहन झा ने शनिवार को कही. वे बाल विकास परियोजना कार्यालय खोदावंदपुर द्वारा सेविकाओं के सहयोग से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित बालिका सशक्तिकरण सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि उज्जवल भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण अतिआवश्यक है. जाहिर है कि जब तक बच्चियां सशक्त नहीं होंगी तब तक उनका भविष्य सुनहरा नहीं हो सकता. प्रभारी प्रधानाध्यापक राष्ट्रीय बालिका दिवस के उदेश्य के बारे चर्चा करते हुए कहा कि बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक




करना और शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में लैंगिक भेदभाव को खत्म करते हुए उन्हें बराबरी के अवसर मुहैया कराना है, लेकिन सशक्तीकरण के सपने को पूरा करने के लिए हमें सबसे पहले बच्चियों के समक्ष मौजूद चुनौतियों की पहचान करनी होगी. अगर चुनौतियों की बात करें तो देश इस बात से अभी भी बेखबर है कि बच्चियों के सामने बाल-विवाह एक बड़ी समस्या है, जो उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक स्वालंबन के रास्ते बंद कर देता है. कार्यक्रम पूर्व बालिका सशक्तिकरण और मतदाता जागरूकता को लेकर सेविकाओं द्वारा रंगोली बनाकर और हाथों में मेंहदी लगाकर प्रदर्शन किया गया. साथ ही बालिका दिवस पर स्कूली बच्चियों के द्वारा बालिका सशक्तिकरण और मतदाता जागरूकता को लेकर प्रेरणादायक संगीत व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ग ग्यारहवीं साइंस कि छात्रा लक्ष्मी राय, द्वितीय स्थान वर्ग नौवीं कि छात्रा सुगंधा कुमारी और तृतीय स्थान वर्ग नौवीं कि छात्रा सोनाक्षी कुमारी प्राप्त किया, जिसे बाल विकास परियोजना कार्यालय खोदावंदपुर के द्वारा टिफिन पॉट, बॉटल एवं मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया. वहीं गीत संगीत और भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम उपरांत स्कूली बच्चियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकली गयी. कार्यक्रम को संगीत शिक्षक डॉ मणिकांत कुमार, शिक्षक दिनेश कुमार चौधरी, बीसी विवेक कुमार, पर्यवेक्षिका रेणु कुमारी ने संबोधित किया. वहीं दूसरी ओर कॉलेज के संगीत शिक्षक डॉ मणिकांत कुमार के द्वारा मतदाता संगीत लोकतंत्र है, पर्व हमारा इसको नहीं गवाना, ओ मेरे भैया... ओ मेरे चाचा... वोट गिराने जाना.. से गाकर जागरूक किया गया. जागरूकता अभियान में शिक्षक वेद प्रकाश, चंदन कुमार, नीतीश कुमार, कन्हैया कुमार, प्रयाग कुमार राय समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं मौजूद थी.

## सार-संक्षेप

### दो दिनों से अधेड़ महिला लापता, परिजन परेशान

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** फफौत पंचायत के मालपुर गांव से एक अधेड़ महिला गत दो दिनों से अचानक गायब हो गयी, जिससे परिजन काफी परेशान हैं. लापता महिला मालपुर गांव के वार्ड 17 निवासी कैलाश महतो की 51 वषीर्या पत्नी द्रोपती देवी है. घटना के संदर्भ में गायब महिला के पुत्र जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मेरे मां गत दो दिन पूर्व खोदावंदपुर बैंक से रुपये निकालने की बात कहकर घर से निकली थी, जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी. तब जाकर उसके परिजनों ने आसपास के गांवों व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, परंतु कुछ पता नहीं चल सका. शनिवार को गायब महिला के परिजनों ने खोदावंदपुर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है. स्थानीय पुलिस भी अपने स्तर से लापता महिला को खोजबीन करने में जुटी है. गायब महिला के पुत्र ने सोशल मीडिया के जरिए उसकी मां को बताने वाले व्यक्ति को 11 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है.

### भोरे सीट पर सियासी संग्राम तय , प्रीति किन्नर बनाम शिक्षा मंत्री सुनील कुमार

**गोपालगंज,** । जिले की भोरे विधानसभा (103- सुरक्षित) सीट से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी ने एक बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने सामाजिक सरोकारों और जनसेवा से जुड़ी प्रीति किन्नर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रीति किन्नर अब इस सीट से जदयू के वर्तमान विधायक और बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार राम को सीधी टक्कर देंगी। हालांकि अभी तक एनडीए और महागठबंधन ने भोरे विधानसभा सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन जन सुराज पार्टी के इस कदम से राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि प्रीति किन्नर का मैदान में उतरना स्थानीय राजनीति में एक नई दिशा दे सकता है। जिले में प्रथम चरण में 6 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है, जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जन सुराज प्रत्याशी प्रीति किन्नर ने बताया कि वह 14 अक्टूबर को हथुआ अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में ग्रामीणों ने सहयोग से बना डाली सड़क

**पटना,** । बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मानीपुर में जनप्रतिनिधियों ने जब साथ नहीं दिया तो जनता ने खुद ही चंदे से बना डाला टूटा हुआ सड़क।

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासन की लापरवाही से तंग आकर मीनापुर प्रखंड के मदारीपुर कर्ण पंचायत के वार्ड संख्या-13 और 14 के लोगों ने मिसाल पेश की है। लंबे समय से जर्जर पड़ी मुख्य सड़क की मरम्मत न होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं चंदा इकट्ठा कर सड़क की मरम्मत करा दी।

यह वही सड़क है जो बीते साल भी टूट चुकी थी और हाल ही में एक सप्ताह पहले फिर से पूरी तरह खराब हो गई थी। बरसात में कीचड़ और गड्ढों से लोगों का चलना-फिरना दूभर हो गया था।

ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभाग को अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही।

आखिरकार ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब सरकार या प्रतिनिधि का इंतजार नहीं करेंगे, बल्कि ह्लअपना रास्ता खुद बनाएंगे।

सभी ने मिलकर मोहल्ले में चंदा अभियान शुरू किया और कुछ ही दिनों में आवश्यक धनराशि जुटाकर खुद ही सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया।

इस जनसहयोग अभियान में प्रमुख रूप से मुकुल कुमार, अमरेन्द्र कुमार, सिकन्दर सहनी, राजेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, दीपक पासवान ,मो फिरोज,विनोद कुमार,बच्चा ब्यास सहित दर्जनों लोगों ने सक्रिय योगदान दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि सिर्फ वादे करते हैं और काम नहीं करते, तब जनता को अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आगे आना पड़ता है।

एक ग्रामीण ने बताया हम लोगों ने किसी के भरोसे बैठने के बजाय आपस में चंदा किया और सड़क बनवा ली। अब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को राहत मिली है।

### राजधानी पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र से 9 लाख की कोडीन फास्फेट सिरप जब्त

**पटना,** । बिहार में शराबबंदी कानून एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की गश्ती टीम द्वारा शनिवार को पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र से 9 लाख रुपये मूल्य की कोडीन फास्फेट सिरप को जब्त किया गया।पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान छाई रोड, टोल प्लाजा दीदारगंज के पास एक संदिग्ध पिकअप वैन को देखकर टीम को संदेह हुआ। वाहन चालक द्वारा गाड़ी की दिशा बदलते देख टीम ने तुरंत उसका पीछा किया। पीछा करने के क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया, जिसका लाभ उठाकर चालक, खलासी वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे।पुलिस ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान सोयाबीन एवं चिप्स के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई प्रतिबंधित कोडीन फास्फेट सिरप भारी मात्रा में बरामद की गई। सिरप को जब्त कर लिया गया है। जब्त कोडीन फास्फेट सिरप की संख्या 50 कार्टन (कुल 7500 बोतलें) हैं, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 9 लाख रुपये बताया जा रहा है।

### नालंदा जिले में एकदिवसीय श्रमिक कैम्प का आयोजन

**नालंदा, बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के इस्लामपुर प्रखंड के रानीपुर पंचायत अंतर्गत फजिल्लापुर गांव में स्वास्थ्य केंद्र के समीप शनिवार को एक दिवसीय श्रमिक कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्देश्य श्रमिकों का निबंधन करना और बिहार सन्नी निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत मिलने वाले लाभों की जानकारी देना था।इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि निबंधित श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। इनमें दुर्घटना बीमा के तहत 4 लाख, आकस्मिक मृत्यु पर 2 लाख, मातृत्व लाभ 35 हजार, पितृत्व लाभ 6 हजार और श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर 10 हजार से 25 हजार तक नकद पुरस्कार शामिल हैं।

## बालिका दिवस पर बेगूसराय में बहुउद्देशीय कार्यक्रम आयोजित, बच्चियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो

जिला प्रशासन बेगूसराय द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम (हउऊउ) के सहयोग से स्थानीय दिनकर कला भवन में एक भव्य और बहुद्देशीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, और पिरामल फाउंडेशन ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिका दिवस, स्वास्थ्य जागरूकता और मतदाता जागरूकता था, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नुक्कड़ नाटक का मंचन**

कार्यक्रम की शुरूआत में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। मध्य विद्यालय कैलाशपुर, त्रिवेणी संस्थान, बीपी स्कूल, कृष्णमूर्ति स्कूल, जेके इंटर उच्च विद्यालय, इटावा डीएवी, स्वामी विवेकानंद विद्यालय, रिवल वेली स्कूल के साथ-साथ विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की बच्चियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायिका सुनिधि आर्य की प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई।

जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, बाल रंग मंच बीहट द्वारा एक सशक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, सेविकाओं और स्कूल की बच्चियों ने मिलकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और बालिका दिवस को समर्पित खूबसूरत रंगोलियां बनाकर अपनी कलात्मकता का परिचय दिया।

**स्वास्थ्य कैंप और मतदाता जागरूकता**

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कई वरिष्ठ प्रशासनिक और स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्री प्रवीण कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, डीआईओ डॉ. गोपाल मिश्रा, आईसीडीएस डीपीओ रश्मि कुमारी, कला संस्कृति और खेल पदाधिकारी श्याम साहनी, और सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नेहा कुमारी शामिल थीं। इनके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**उप विकास आयुक्त परवीन कुमार का वक्तव्य**

कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उप विकास आयुक्त परवीन कुमार ने कहा, ₹यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और मतदाता जागरूकता का एक अनूठा संगम है। यह दिखाता है कि जब जिला प्रशासन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो सकारात्मक बदलाव लाना संभव होता है। बच्चियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिए एनीमिया जॉच कैंप लगाया गया है। साथ ही, मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## रणजी ट्रॉफी : शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की 16 सदस्यीय टीम घोषित, पहला मैच जम्मू-कश्मीर से



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई क्रिकेट संघ ने आगामी रणजी सीजन के लिए मुंबई की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में अनुभवी अजिंक्य रहाणे और घरेलू क्रिकेट में रन मशीन के रूप में पहचान बनाने वाले सरफराज खान शामिल हैं। रहाणे के कप्तानी से इस्तीफा देने के बाद शार्दुल को कप्तान बनाया गया था। मुंबई की टीम में युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे के साथ ही ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी जगह दी गई है। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। श्रेयस ने लंबे फॉर्मेट से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है। सूर्यकुमार यादव भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। लंबे समय तक मुंबई का हिस्सा रहे पृथ्वी शॉ आगामी सीजन में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। शॉ को पिछले सीजन टीम में जगह नहीं दी गई थी जिसके बाद उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला किया था। कई बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद मुंबई की टीम में युवा, अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। शार्दुल ठाकुर के पास बतौर कप्तान अपनी क्षमता साबित करने का बेहतरीन अवसर है। शार्दुल गेंदबाज के साथ-साथ बल्लेबाज के रूप में भी लंबे फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। अगर रणजी ट्रॉफी में शार्दुल एक खिलाड़ी के तौर पर भी उम्दा प्रदर्शन करते हैं, तो भारतीय टीम में उनकी वापसी की संभावना बन सकती है।

42 बार की रणजी चैंपियन मुंबई अपने अभियान की शुरुआत 15 अक्टूबर से श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ करेगी। एलीट ग्रुप डी में शामिल मुंबई लीग चरण में हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हैदराबाद, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी से भिड़ेगी।

**मुंबई टीमः** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), आयुष म्हात्रे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), सिद्धेश लाड, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान, शिवम दुबे, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, सिल्वेस्टर डिसूजा, इरफान उमैर, मुशीर खान, अखिल हेरवाडकर, रॉयस्टन डायस।

## द लीजेंड्स चैस टूर्नामैंट-2025: कास्परोव ने आनंद पर बनाई शुरुआती बढ़त




**सैंट लुई (अमरीका), ।** महान खिलाड़ियों के बीच मुकाबले के पहले दिन गैरी कास्परोव ने यहां तीसरी बाजी में भारत के विश्वनाथन आनंद को हराकर क्लच शतरंज मुकाबले में 2.5-1.5 की बढ़त बना ली। शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21 साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है। आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे।

शतरंज 960 प्रारूप के तहत रोजाना 2 रैपिड और 2 ब्लिट्ज मुकाबले होने हैं। दिन की शुरुआती 2 बाजी ड्रॉ रहीं जिसके बाद कास्परोव ने तीसरी बाजी में आनंद को हराया।

आनंद के पास बाजी को ड्रॉ कराने का मौका था लेकिन वह चूक गए।

भारत बनाम वेस्टइंडीज

# दोहरे शतक से चूके यशस्वी जायसवाल, रन आउट होकर लौटे पवेलियन

**नई दिल्ली ।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल वेस्टइंडीज के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दोहरा शतक चूक गए। मुकाबले के दूसरे दिन पहले सेशन के खेल में जायसवाल रन आउट आउट होकर पवेलियन लौटे। 92वें ओवर की दूसरी गेंद पर जायसवाल ने जायडेन सील्स की फुल लेंथ गेंद को मिड-ऑफ की ओर मजबूती से ड्राइव किया। जायसवाल ने रन चुराने की कोशिश में तुरंत दौड़ लगानी शुरू कर दी, लेकिन इसमें गिल को कोई दिलचस्पी नहीं थी। जायसवाल तब तक काफी आगे निकल गए थे, उन्होंने वापस क्रीज पर लौटने की कोशिश की, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। थ्रो कीपर के छोर पर आया और तेविन इमलाच ने स्टंप्स बिखेर दिए। रन आउट होने के बाद जायसवाल दूसरे छोर पर मौजूद कप्तान से



कुछ हद तक खफा भी नजर आए।

जायसवाल 258 गेंदों में 22 चौकों के साथ 175 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वह भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर पर रन-आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी भी बन गए। इस अनचाही लिस्ट में संजय मांजरेकर शीर्ष पर हैं, जो साल 1989 में पाकिस्तान के विरुद्ध लाहौर के मैदान पर 218 के स्कोर पर रन आउट हुए थे। वहीं, द ओवल में साल 2002 में इंग्लैंड के विरुद्ध 217 के स्कोर पर रन आउट होने वाले राहुल द्रविड़ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। राहुल ही इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर भी हैं, जो साल 2001 में कोलकाता टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 180 रन पर इस तरह आउट हो चुके हैं। अगर यशस्वी जायसवाल इस मैच में दोहरा शतक जड़ते, तो यह उनके करियर का तीसरा दोहरा शतक होता। जायसवाल फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में 209 रन की पारी खेल चुके हैं। इसके अगले ही मैच में जायसवाल ने राजकोट में इंग्लैंड के विरुद्ध नाबाद 214 रन बनाए थे।

वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 94 ओवरों के खेल तक भारत ने 3 विकेट खोकर 343 रन बना लिए हैं। जायसवाल के अलावा, केएल राहुल 38, जबकि साई सुदर्शन 87 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। फिलहाल, कप्तान शुभमन गिल 33 और नितीश रेड्डी 10 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

### भारत ने दिल्ली टेस्ट में 518/5 पर पारी घोषित की-कप्तान गिल 129 रन बनाकर नाबाद लौटे, जायसवाल ने 175 रन बनाए

नई दिल्ली। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने करियर की 10वीं सेंचुरी जमाई। वे 129 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनसे पहले यशस्वी जायसवाल ने 175 रनों की पारी खेली। साई सुदर्शन ने 87, ध्रुव जुरेल ने 44 और नीतीश कुमार रेड्?डी ने 43 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकन ने तीन विकेट लिए। एक विकेट कप्तान रोस्टन चेज को मिला।

## महिला विश्व कप : हरलीन देओल को गुडबाय का इशारा, साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

**दुबई ।** साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। इस स्पिनर को आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का पहला अपराध है।



आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

यह घटना भारतीय पारी के 17वें ओवर में हुई, जब म्लाबा ने हरलीन देओल को आउट किया। विकेट लेने के बाद, जब भारतीय बल्लेबाज मैदान से बाहर जा रही थीं, तो म्लाबा ने उन्हें गुडबाय का इशारा किया।

आईसीसी ने बयान में कहा, म्लाबा ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की ओर से प्रस्तावित दंड को स्वीकारा है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।

# मेसी की गैरमौजूदगी में लो सेल्सो का विजयी गोल, वेनेजुएला पर अर्जेंटीना की आसान जीत

**मियामी ।** लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी के बावजूद, अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गियोवानी लो सेल्सो जीत के हीरो रहे। जूलियन अल्वारेज और लौटारो मार्टिनेज के नेतृत्व में अर्जेंटीना का आक्रमण इस पूरे मैच में आक्रामक रहा, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने दाहिने छोर पर अपनी ऊर्जा से फैंस को प्रभावित किया। इस मुकाबले में निर्णायक मौका 31वें मिनट में आया। अल्वारेज और मार्टिनेज ने बॉक्स के पास शानदार तालमेल दिखाया, जिसने वेनेजुएला के डिफेंडर्स को अपनी पोजीशन से बाहर खींच लिया और फिर लो सेल्सो को पास थमा दिया।

मिडफील्डर ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए बाएं पैर से सटीक शॉट लगाया, जो गोलकीपर जोस कॉन्ट्रेरास को चकमा देते हुए नेट में जा पहुंचा। इसी के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल की।

गियोवानी लो सेल्सो ने पहले हाफ में शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। उनका यह गोल करीब 15,000 दर्शकों के सामने मौजूदा विश्व चैंपियन को आसान जीत दिलाने के लिए काफी था।

बढ़त हासिल करने के बाद, लियोनेल स्कालोनी की टीम ने अपने खास अंदाज में खेल की रफ्तार पर नियंत्रण बना लिया। तेज ट्रांजिशन और छोटे-छोटे पास के जरिए अर्जेंटीना ने दबदबा कायम रखा। वहीं, वेनेजुएला कोई स्पष्ट मौका नहीं बना सकी। दूरी से किए कुछ प्रयास गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को मुश्किल में डालने में नाकाम रहे। भले ही इसके बाद अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में अपने गोल की संख्या में कोई इजाफा नहीं किया, लेकिन टीम किसी भी तरह की परेशानी में नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि इस मैत्रीपूर्ण मैच का इस्तेमाल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले टीम को परखने के लिए किया गया है। एलेजांद्रो गार्नाचो और एंजो फर्नांडीज जैसे युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी ने अंतिम चरणों में और भी जोश भर दिया। लियोनेल मेसी मांसपेशियों में जकड़न के चलते एहतियातन इस मैच में नहीं खेले। हालांकि, इस दौरान उन्होंने स्टैंड से अपने साथियों का उत्साह बढ़ाया।



## महिला विश्व कपः न्यूजीलैंड की पहली जीत, बांग्लादेश को 100 रन से हराया

**गुवाहाटी।** न्यूजीलैंड ने महिला विश्व कप में लगातार 2 हार के बाद पहली जीत का स्वाद चख लिया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रन के बड़े अंतर से हराया। बांग्लादेश को जीत के लिए 228 रन का लक्ष्य मिला था। न्यूजीलैंड की कसी हुई गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश का टॉप ऑर्डर पूरी तरह बिखर गया। बांग्लादेश ने अपने 6 विकेट 33 रन पर खो दिए। इस समय ऐसा लग रहा था कि टीम 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। लेकिन, फाहिमा खातून के 34, नाहिदा अख्तर के 17, और राबिया खान के 25 रन के अलावा अतिरिक्त मिले 30 रनों की बदौलत बांग्लादेश की पारी 39.5 ओवर में 127 पर सिमटी। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और ली ताहुहु ने 3-3, रोजमेरी मेयर ने 2, और अमेलिया केर और इडेन कार्सन ने 1-1 विकेट लिए।




इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 227 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी और 38 के स्कोर पर टॉप ऑर्डर के तीन बल्लेबाज आउट हो चुके थे। इसके बाद कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूकी हेडिले ने चौथे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 150 तक पहुंचाया। ब्रूकी हेडिले 104 गेंद पर 69 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी डिवाइन ने 85 गेंद पर 63 रन की पारी खेली। डिवाइन ने अपनी पारी में 2 चौके और 2 छक्के लगाए। इन दोनों के अलावा सूजी बेट्स ने 29 और मैडी ग्रीन ने 25 रन की पारी खेली। इन चारों बल्लेबाजों की बदौलत न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 227 रन बनाए।

बांग्लादेश की तरफ से राबिया खान श्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। राबिया ने 10 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट लिए। मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि और फाहिमा खातून ने 1-1 विकेट लिए।

## चेतन शर्मा का अंडर -23 सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान की टीम में चयन

**भरतपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही अंडर-23 कर्नल सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के राइट आर्म फ़ास्ट बॉलर चेतन शर्मा का राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम में चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि पहला मैच 16 से 19 अक्टूबर से एसएमएस स्टेडियम जयपुर में मुंबई के खिलाफ आयोजित होगा चेतन ने पिछले दिनों अंडर-19 इंडिया से खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम के ख़िलाफ़ और अंडर-19 एशिया कप में की गई बेहतरीन परफॉरमेंस एवं पूर्व में आरसीए द्वारा आयोजित की गई राज्यस्तरीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता आदि में किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अंडर-23 कर्नल सी.के नायडू ट्रॉफी के लिए राजस्थान की टीम में चयन हुआ है सचिव ने यह भी बताया कि चेतन शर्मा पूर्व में अंडर-19 इंडिया की टीम में भी खेल चुके हैं चेतन के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे पदाधिकारियों को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त करते हुई उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




# रोहित शर्मा को मिली कप्तानी... विराट को किया बाहर

**नई दिल्ली ।** एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा। जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने अपनी 'All-time best Tw® XI' का ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में चुना है। रजा की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए रोहित शर्मा पर भरोसा जताया गया। इस टीम में हैरानी की बात यह रही कि विराट कोहली और रूरू धोनी जैसे क्रिकेट दिग्गजों को जगह नहीं मिली।




सिकंदर रजा की टी20 ड्रीम टीम
ओपनिंगः क्रिस गेल और रोहित शर्मा
विकेटकीपरः निकोलस पूरन
मिडिल ऑर्डरः एबी डिविलियर्स, हेनरिक क्लासेन, काइरन पोलार्ड
ऑलराउंडरः रवींद्र जडेजा, शाहिद अफरीदी
बॉलिंग अटैकः राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, मिचेल स्टार्क, शाहीन अफरीदी
पूरी टीमः क्रिस गेल, रोहित शर्मा (कप्तान), निकोलस पूरन, एबी डिविलियर्स, हेनरिक क्लासेन, काइरन पोलार्ड, शाहिद अफरीदी, रवींद्र जडेजा, राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, शाहीन अफरीदी, मिचेल स्टार्क।

**रोहित शर्मा पर अब भी सबकी निगाहें:** हाल ही में भारतीय टीम की कप्तानी छिनने के बाद भी रोहित शर्मा का ध्यान फिटनेस और फॉर्म पर पूरी तरह है। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने पिछले कुछ महीनों में 15 किलो वजन घटाया है और पहले से कहीं ज्यादा फिट दिख रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का प्रदर्शन अहम होगा। यदि वे वहां रन बनाते हैं, तो चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद रोहित का इंटरनेशनल करियर खत्म हो सकता है।

# जोधाणा वॉरियर्स शुरुआती दौर में खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) में सबसे आगे

**जयपुर।** खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) का जयपुर के सीतापुरा स्थित ज़ी स्टूडियो में शानदार आगाज हुआ। इस मौके पर भारत के शीर्ष डिजिटल क्रिएटर्स खेल भावना, मनोरंजन और सामुदायिक भावना का अनूठा मिश्रण देखने को मिला। टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा और 8 मैचों के बाद जोधाणा वॉरियर्स लगातार दो मैच जीत कर 4 अंक के साथ शुरुआती दौर में सबसे आगे चल रही है। इसके बाद, पिंक सिटी पलटन और शेखावाटी स्पार्टन्स ने एक-एक जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है, जबकि मेवाड़ मावेरिक्स और बीकाणा बुल्स को आने वाले दौर में और मजबूती से वापसी करनी होगी। रोमांच को और बढ़ाते हुए, टूर्नामेंट के शीर्ष 4 रन स्कोरर जोधाणा वॉरियर्स के विकल्प मेहता रहे, जिन्होंने सिर्फ़ 2 मैचों में 145 रन बनाए। उनके बाद हितेंद्र सिंह (बीकाणा बुल्स, 62 रन), आरजे अर्जुन (मेवाड़ मावेरिक्स, 58 रन) और मंजीत सिंह (शेखावाटी स्पार्टन्स, सिर्फ़ 1 मैच में 46 रन) रहे। पहला दिन बेहद रोमांचक रहा जब विकल्प मेहता, जो अपनी शानदार मिमिक्री और कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं, ने अपने दमदार प्रदर्शन से मंच संभाला और पूरा स्टेडियम हँसी से गूंज उठा। जैसे-जैसे लीग अपने अंतिम दिन की ओर बढ़ रहा है, चार टीमों के बीच कल होने वाला सेमीफाइनल एक शानदार ग्रैंड फिनाले का मंच तैयार करेंगे जिसके बाद फाइनल के विजेता को केसीएल 2025 का ताज पहनाया जाएगा।



अटलांचर स्पोर्ट्स के को-फाउंडर और वाईस प्रेजिडेंट जशन कौर ने कहा, ÷केसीएल सचमुच एक प्रोफेशनल लीग का अनुभव प्रदान कर रहा है जहाँ एंटरटेनमेंट एक्सेलेंस से मिलता है। खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए क्रिएटर्स से बेहतर और कौन हो सकता है? उनका प्रभाव युवा पीढ़ी को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक सशक्त संदेश देगा।